तापमान

अधिकतम 31.4 डिग्री

न्यूनतम 22.8 डिग्री

हरिभूमि

# रायपुर भूमि

रायपुर, शनिवार 11 अक्टूबर 2025



16 तकनीकी व प्रोफेशनल पाठ्यक्रम के विद्यार्थियों...





15 गोलबाजार-चिकनी मंदिर से हटाए गए पसरा...




## खबर संक्षेप

### सड़क पर दौड़ती कार में लगी आग

**रायपुर।** तेलीबांधा थाना क्षेत्र के अवंति विहार जाने वाले मार्ग में शुक्रवार रात 9 बजे के करीब एक चलती कार में आग लगने से हड़कंप मच गया। आग कंट्रोल करने जब तक फायर ब्रिगेड की टीम पहुंची, तब तक कार पूरी तरह जलकर खाक हो चुकी थी। कार किसी हेमंत चंद्राकर की बताई जा रही है। जिस कार में आग लगी, वह पुराने मॉडल की आई-20 कार है। कार में आग लगने की घटना एटीएम चौक के पास हुई है।

### एसएसपी की मौजूदगी में मादक पदार्थ किए नष्ट

**रायपुर।** पुलिस मुख्यालय के निर्देश पर ड्रग डिस्पोजल की टीम ने शुक्रवार को पांच सौ किलो के करीब मादक पदार्थों का नष्टीकरण किया। जिले के जिन एनडीपीएस प्रकरणों का निपटारा हो गया है, उन मामलों के गांजा सहित अन्य मादक पदार्थों का नष्टीकरण किया है। ड्रग डिस्पोजल की कार्रवाई एसएसपी डॉ. लाल उमेद सिंह, एएसपी कीर्तन राठौर, उपायुक्त आबकारी राजेश कुमार शर्मा तथा अन्य सदस्यों की उपस्थिति में की गई। मादक पदार्थों का नष्टीकरण सिलतरा स्थित एक निजी पॉवर प्लांट में किया गया।

### लिंक भेजकर जालसाज ने ठगे डेढ़ लाख

**रायपुर।** आजाद चौक थाने में एक युवक ने अज्ञात जालसाज के खिलाफ लिंक भेजकर मोबाइल हैक कर अकाउंट से 1.60 लाख रुपए आहरण कर ठगी करने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। लिली चौक निवासी राहुल साहू ने ठगी की शिकायत दर्ज कराई है। राहुल ने पुलिस को बताया कि अज्ञात जालसाज ने उसे रेटिंग देने पर पैसे देने का झांसा देकर ठगी का शिकार बनाया। जालसाज ने राहुल के मोबाइल पर रेटिंग देने के नाम पर एपीके फाइल भेजकर मोबाइल हैक कर लिया।

# ट्रेन से इलाज के लिए जामनगर गुजरात भेजी गई बाघिन की मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

अलग खबर

जंगल सफारी की बिजली नामक मादा बाघ की गुजरात, जामनगर स्थित वनतारा वाइल्ड लाइफ रेस्क्यू, रिहैबिलिटेशन सेंटर में शुक्रवार को उपचार के दौरान मौत हो गई। पीसीसीएफ वाइल्ड लाइफ अरुण कुमार पाण्डेय ने मादा बाघ की मौत की पुष्टि की है। बिजली किडनी तथा गर्भाशय में गंभीर बीमारी से जूझ रही थी। वनमंत्री केदार कश्यप के निर्देश पर वन अफसर बिजली का उपचार कराने मंगलवार को ट्रेन के रास्ते गुजरात ले गए थे। वनतारा प्रबंधन ने भी सोशल मीडिया के माध्यम से बिजली की मौत की पुष्टि की है। सफारी प्रबंधन के अनुसार बीमारी के लक्षण दिखने पर बेहतर उपचार के लिए वनतारा ले जाने का निर्णय लिया गया। अफसरों के अनुसार वनतारा में वन्यजीवों की उपचार के लिए विश्व स्तरीय सुविधा है। इस वजह से बिजली को गुजरात ले जाया गया। बिजली की मौत की जानकारी मिलने पर जंगल सफारी के डायरेक्टर थेजस शेखर भी गुजरात के लिए रवाना हो गए हैं।

## आठ साल की मादा बाघ को उपचार के लिए मंगलवार को ट्रेन से गुजरात ले जाया गया था

### जंगल सफारी में हाईटेक अस्पताल का दावा

विभागीय अफसरों द्वारा जंगल सफारी में वन्यजीवों के उपचार के लिए विश्वस्तरीय सुविधा होने का दावा किया जाता है। बावजूद इसके बिजली को डेढ़ हजार किलोमीटर दूर उपचार कराने ले जाने को लेकर जानकार सवाल उठा रहे हैं। वन्यजीवों के जानकारों के अनुसार अंजोरा स्थित कामधेनु विश्वविद्यालय में वन्यजीवों के एक्सपर्ट डॉक्टर हैं। जानकारों के अनुसार पिंजरे में कैद बिजली लंबी दूरी की यात्रा करने से बेहद थक गई थी। इसके कारण बिजली की सेहत और बिगड़ने लगी। जानकारों के अनुसार बिजली की किडनी तथा गर्भाशय में बीमारी होने की जानकारी अगस्त में मिल गई थी। ऐसे में उसे पहले ही उपचार कराने वनतारा ले जाना था। बीमारी बढ़ने की वजह से बिजली ने खाना-पीना तक छोड़ दिया था।





किडनी, गर्भाशय की गंभीर बीमारी से जूझ रही थी मादा बाघिन

### जहां से पिता को लाए वहीं अंतिम सांस

नौ साल पूर्व जंगल सफारी का जब उद्घाटन हुआ, तब गुजरात से नर बाघ लाया गया था, जिसका नाम शिवाजी रखा गया। उसी शिवाजी के साथ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का फोटो खींचा गया था। बिजली किशोरी और शिवाजी की पहली बाघ शावक थी। ऐसे में जिस राज्य से बिजली के पिता को जंगल सफारी लाया गया था, वहीं शिवाजी की बेटी ने अंतिम सांसें ली।

## चारों जोन में 50-50 की संख्या में ट्रैफिक पुलिस की होगी तैनाती

# दिवाली बाजार की भीड़ संभालने बना प्लान मैप का कलर बताएगा सड़क जाम या क्लीयर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

धनतेरस तथा दीपावली पर शहर के प्रमुख बाजार में ट्रैफिक का दबाव सामान्य दिनों की अपेक्षा तीन से चार गुना बढ़ जाएगा। इस बात को ध्यान में रखते हुए ट्रैफिक पुलिस ने शहर के प्रमुख मार्ग तथा बाजार को चार जोन में बांटकर ट्रैफिक प्लान तैयार किया है। जिन चार जोन में बांटकर ट्रैफिक दबाव कम करने की कोशिश की जाएगी, उन जोन में 50-50 की संख्या में ट्रैफिक पुलिस के साथ संबंधित थाना क्षेत्रों की पुलिस तैनाती की जाएगी। पर्व को लेकर शहर को चार जोन में बांटकर जो ट्रैफिक प्लान बनाया गया है, उन सभी जोन में आरक्षक से निरीक्षक स्तर के अधिकारी जिसमें बीट अधिकारी, यातायात पेट्रोलिंग, क्रेन पेट्रोलिंग एवं पॉइंट के कर्मचारी पैदल के साथ गाड़ियों में गश्त करेंगे।

### शहर को इन चार जोन में बांटा गया है

शहर में ट्रैफिक दबाव कम करने तथा व्यवस्था बनाए रखने ट्रैफिक पुलिस ने शहर को चार प्रमुख बड़े व्यावसायिक क्षेत्र का चिन्हांकन कर जोन बनाने की व्यवस्था की है। व्यवस्था के अनुसार शहर को इस तरह से जोन में बांटा गया है-

- मालवीय रोड, गोल बाजार, सदर बाजार एवं एमजी रोड
- पंडरी कपड़ा मार्केट बाजार क्षेत्र
- तेलीबांधा बाजार क्षेत्र
- पुरानी बस्ती बाजार क्षेत्र

## गूगल मैप से ट्रैफिक की मिलेगी जानकारी

### प्रमुख मार्गों पर नहीं लगेंगे खोमचे

ट्रैफिक पुलिस के अनुसार पर्व के समय तीन दिन प्रमुख बाजार जहां ट्रैफिक का दबाव ज्यादा रहेगा, उन क्षेत्रों में रोड पर ठेला, खोमचा लगाने पर रोक लगाई गई है। जो रोड में ठेला, खोमचे लगाएंगे, उनके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। साथ ही प्रमुख बाजार को नो पार्किंग जोन घोषित किया गया है। नो पार्किंग में वाहन पार्क करने वालों के खिलाफ कार्रवाई करने ट्रैफिक पुलिस के जवान प्रमुख बाजार में लगातार पैदल गश्त करेंगे।



### इन मार्गों पर वाहन प्रवेश निषेध

त्योहारी सीजन में गोल बाजार एवं मालवीय रोड में धनतेरस, नरक चतुर्दशी एवं दीपावली के दिन ई-रिक्शा, ऑटो, रिक्शा, ठेला- खोमचा एवं दो पहिया- चार पहिया वाहनों का प्रवेश आवश्यकता अनुसार पूर्णतः निषेध किया जाएगा। टीआई चौक से कोतवाली, जय स्तंभ से मालवीय रोड, आजाद चौक से सदर बाजार, श्याम टॉकीज तिराहा से गणेश मंदिर, शास्त्री बाजार बैजनाथ पारा मार्ग में चार पहिया वाहनों का आवश्यकतानुसार आवागमन पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगा।

### ऐसे रहेगी पार्किंग व्यवस्था

- शास्त्री बाजार की ओर आने वाले सीरत मैदान एवं शास्त्री बाजार पार्किंग में गाड़ी पार्क करेंगे
- कालीबाड़ी की ओर से आने वाले गांधी मैदान में गाड़ी पार्क करेंगे
- बूढ़ेश्वर चौक की ओर से आने वाले सप्रे शाला मैदान, बूढ़ा तालाब गार्डन पार्किंग में गाड़ी पार्क करेंगे
- जय स्तंभ चौक की ओर से आने वाले जवाहर मार्केट पार्किंग तथा मल्टीलेवल पार्किंग में गाड़ी पार्क करेंगे
- पंडरी कपड़ा मार्केट में आने वाले कपड़ा मार्केट टर्निंग स्थित खाली मैदान एवं छत्तीसगढ़ हाट के बाजू सड़क के दोनों ओर गाड़ी पार्क करेंगे
- पुरानी बस्ती क्षेत्र के बाजार में आने वाले हिंद स्पोर्ट्स मैदान, लाखे नगर में गाड़ी पार्क करेंगे

# हवाई सफर के दौरान तबीयत बिगड़ी, फ्लाइट की रायपुर में लैंडिंग पर नहीं बची जान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

दुर्गापुर कोलकाता से मुंबई जा रही इंडिगो की फ्लाइट में सवार युवक की तबीयत बिगड़ गई। उसकी हालत देख विमान को आपातकाल में रायपुर एयरपोर्ट पर उतारा गया। प्राथमिक उपचार के साथ उसे माना के सिविल अस्पताल भेजा गया, मगर उसकी जान नहीं बचाई जा सकी। मृतक गौतम बावरी ब्लड कैंसर से पीड़ित था और अपने परिवार के साथ इलाज के लिए मुंबई जा रहा था। पश्चिम बंगाल के वर्धमान में रहने वाला युवक दुर्गापुर से दोपहर डेढ़ बजे टेकऑफ होने वाली इंडिगो की फ्लाइट में गुरुवार को मुंबई रवाना हुआ था। फ्लाइट करीब 4 बजे मुंबई में लैंड होनी वाली थी। बताया जाता है कि यात्रा के दौरान अचानक उसकी तबीयत बिगड़ गई और वह बेहोश हो गया। यात्री की तबीयत खराब होने की जानकारी पर पायलट ने करीब 3 बजे एटीसी से अनुमति लेने के बाद फ्लाइट को रायपुर में उतारा।

- दुर्गापुर से मुंबई जा रही फ्लाइट का मामला, ब्लड कैंसर से पीड़ित था यात्री

### विमानतल पर पर्याप्त सुविधा नहीं

इधर स्वामी विवेकानंद एयरपोर्ट पर उपलब्ध चिकित्सा सुविधा को आवश्यकता से कम माना जा रहा है। सूत्रों का कहना है कि पहले वहां स्वास्थ्य विभाग द्वारा पदस्थ चिकित्सकीय स्टॉफ मौजूद रहता था। अब एक निजी अस्पताल के नर्सिंग स्टाफ और चिकित्सा आधिकारी की ड्यूटी वहां लगाई गई है। आपातकालीन स्थिति होने पर किसी यात्री को एयरपोर्ट से काफी दूर स्थित माना सिविल अस्पताल भेजा जाता है।

# सीबीआई जांच में फंसे रावतपुरा मेडिकल कालेज की 100 सीटों को मान्यता

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

रिश्वतखोरी के मामले में एफआईआर और सीबीआई जांच में फंसे श्री रावतपुरा इंस्टिट्यूट ऑफ मेडिकल साइंस को एमबीबीएस की सौ सीटों को मान्यता मिल गई है। एनएमसी ने अपने निरीक्षण में कालेज और संबंधित अस्पताल में सुविधाओं की कमी का हवाला देकर पचास सीटों की कटौती की है। पहले यहां 150 सीटें थी। गौरतलब है, यूजी काउंसिलिंग शुरू होने के पहले एनएमसी द्वारा इस कालेज में जीरो ईयर घोषित किया गया था। निजी मेडिकल कालेज ने सीबीआई द्वारा की गई रिश्वतखोरी के मामले में सुप्रीम कोर्ट में याचिका लगाई थी। सुनवाई के दौरान न्यायालय ने पिछले महीने सुनवाई के दौरान आदेश पारित कर निर्देश दिया था। एनएमसी के विशेषज्ञों की समिति द्वारा जांच कर दी जाने वाली रिपोर्ट के आधार पर शैक्षणिक सत्र 2025-26 में एमबीबीएस छात्रों की अनुमति पर फैसला लिया जाए।

- कालेज और संबंधित अस्पताल में सुविधाओं की कमी, एमसीसी ने 50 सीटें घटाई



### अब प्रदेश में 15 मेडिकल कालेज

एनएमसी द्वारा शुरुआती दौर में इस कालेज में जीरो ईयर घोषित किए जाने की वजह से प्रदेश में 14 निजी चिकित्सा महाविद्यालयों की एमबीबीएस सीटों पर एडमिशन देने काउंसिलिंग शुरू हुई थी। इस दौरान विद्यार्थियों को डेढ़ सौ सीटों का नुकसान होने की चिंता थी। दूसरे राउंड के पहले दो निजी मेडिकल कालेजों में 150 सीटों का इजाफा हुआ था। तीसरे राउंड की प्रवेश प्रक्रिया शुरू होने के पहले 100 सीटें बढ़ने के साथ प्रदेश में मेडिकल कालेजों की संख्या पुनः 15 हो गई।

पत्रकारिता विवि की 63वीं कार्यपरिषद की बैठक में फैसला

# रविवि ले रहा 2500 रुपए, लेकिन पत्रकारिता विवि लेगा चुनौती मूल्यांकन के लिए 1000 रुपए ही

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर



राष्ट्रीय शिक्षा नीति के अंतर्गत चुनौती मूल्यांकन का प्रावधान अब पत्रकारिता विवि में कर दिया गया है। इसके पूर्व यह प्रावधान पं.रविशंकर शुक्ल विवि द्वारा किया गया था। रविवि में जहां चुनौती मूल्यांकन के लिए 2500 रुपए की राशि तय की गई थी तो वहीं पत्रकारिता विवि ने इसके लिए हजार रुपए शुल्क ही तय किया है। पुनर्मूल्यांकन और पुनर्गणना के परिणाम से असंतुष्ट छात्र चुनौती मूल्यांकन के लिए आवेदन कर सकेंगे। कार्यपरिषद की 63वीं बैठक में यह फैसला लिया गया। इसके अतिरिक्त प्रशासनिक व अकादमिक निर्णय भी लिए गए। कार्यपरिषद में राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के अनुरूप पाठ्यक्रमों के अधिकाधिक उन्नत करने एवं प्रदेश के प्रतिभावान छात्रों को इसका लाभ पहुंचाने की कार्य योजना पर बल दिया। प्रशासनिक एवं छात्रहित से जुड़ी हुई प्रशासनिक व्यस्थाओं के त्वरित संचालन एवं डिजीटल तकनीक से जोड़ने लैपटाप एवं कम्प्यूटर सिस्टम क्रय की स्वीकृति प्रदान की।

### पुनर्गणना के लिए देने होंगे 50 रुपए

राष्ट्रीय शिक्षा नीति के अनुरूप पुनर्गणना एवं चुनौती मूल्यांकन के लिए शुल्क एवं प्रक्रिया निर्धारण उपसमिति के प्रस्ताव का अनुमोदन किया गया। इसके अनुसार चुनौती मूल्यांकन के लिए शुल्क निर्धारित करने के साथ ही पुनर्गणना के लिए 50 रुपए निर्धारित किया गया है। विश्वविद्यालय के षष्ठम दीक्षांत समारोह का आयोजन माह जनवरी 2026 में कराए जाने की स्वीकृति प्रदान की गई। विश्वविद्यालय में कार्यरत गैरशैक्षणिक कर्मचारियों के समयमान वेतनमान को भी कार्योत्तर स्वीकृति प्रदान की गई।

## पाठक सूचना

हरिभूमि के सुधि पाठकों को अखबार की प्रतियां नहीं मिल रही हो या अन्य अखबार दिया जा रहा हो तो हमें निम्न नंबर पर संपर्क करें या वाट्सअप करें

9827555678, 8224868411






स्पेशल ट्रेन से - 20 दिसंबर से 30 दिसंबर 2025 (11 दिन)

रामेश्वरम् धाम यात्रा

श्री रामेश्वरम् धाम ज्योतिर्लिंग, श्री तिरूपति बालाजी, श्री मल्लिकार्जुन ज्योतिर्लिंग, मदुरै श्री मीनाक्षीदेवी, श्री कन्याकुमारी,

राशि :- स्लीपर 16,500/-, 3 एसी-27,500/-, 2 एसी 32,500/- (+5% GST)

Since-2007

श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति

संपर्क करें:-9165 411411





**इंतज़ार की घड़ियाँ समाप्त ...**

**फ्री एंट्री, फ्री पार्किंग**

आपकी बहुप्रतीक्षित सेल एक वर्ष बाद पुनः.... जो सेल अब तक **सुराना भवन** में लगायी जाती थी, इस साल आपके शहर में एक साथ दो स्थानों पर

**महेश भवन,** राजकुमार कॉलेज के सामने, जी.ई. रोड और **गोलछा प्लाज़ा के बाजू ,** ओसीएम चौक

# इस वर्ष 2025 में दीपावली के त्यौहार पर

## सबसे बड़ा हाईलाइट डिस्काउंट ऑफर 11 से 21 अक्टूबर

**ऑनलाइन ऑर्डर में भारी कमी होने के कारण**
**इस वर्ष फैक्ट्री मालिकों के पास करोड़ों रुपए का स्टॉक जमा हो गया।**

# MENS WEAR, KIDSWEAR, LADIES WEAR

## कम्पनी के डायरेक्टर द्वारा लिया गया अर्जेन्ट फैसला
## सिर्फ फण्ड की आवश्यकता पड़ने पर

**500, 1000 से 1500 रुपए तक के बिकने वाले ब्रांडेड गारमेंट्स आइटम्स**

**डायरेक्ट रायपुर के रिटेल ग्राहकों को कैश एण्ड कैरी**

**मात्र 100, 200 व 250 रुपए में बिक्री कर दिए जाएंगे**

**1000 से 2500 तक में बिकने वाले एक्सक्लूसिव ब्रांड के गारमेंट्स भी**

**मात्र 350 - 550 रुपए में बिक्री कर दिए जाएंगे**

**हम बिक्री कर रहे गारमेन्ट्स के ब्राण्डों के नाम ओपन नहीं कर सकते, क्योंकि इतने कम रेटों पर बिक्री करना हमारी मजबूरी है**

**आश्चर्यजनक किंतु सत्य**

बच्चा टी-शर्ट, नेकर, जीन्स शर्ट, लोअर, टॉप जीन्स 600 से 900 रु वाली **लीजिये मात्र 150 से 350 रुपए में**
कुर्ती, प्लाज़ो, लोअर, कैपरी, वेस्टर्न टॉप जीन्स 700 से 2500 रु वाली **लीजिये मात्र 100 से 350 रुपए में**
1500 से 2500 रु तक में बिकने वाले ब्रांडेड जेंट्स टी-शर्ट **लीजिये मात्र 200 से 250 रुपए में**
1200 से 2100 रु तक में बिकने वाले लॉन्ग कुर्ती, वन-पीस **लीजिये मात्र 350 रुपए में**
1700 से 3000 रु तक में बिकने वाले जेंट्स जीन्स **लीजिये मात्र 350 से 590 रुपए में**
1700 से 3000 रु तक में बिकने वाले फॉर्मल शर्ट, फॉर्मल ट्राउज़र्स **लीजिये मात्र 350 से 550 रुपए में**

## यह बिक्री सिर्फ 10 दिन के लिए होगी 11 से 21 अक्टूबर

**समयः** प्रातः 10 बजे से रात्रि 10 बजे तक

**नोट :**

1. रायपुर की जनता को सूचित किया जाता है कि हमारा मकसद सेल लगाकर माल बेचना नहीं है.
2. कंपनी पर बैंक का अत्यंत दबाव होने के कारण कंपनी को अर्जेन्ट फण्ड की आवश्यकता होने के कारण कंपनी अपने वेअरहाउस में रखे प्रीमियम स्टॉक को अब सेल सस्ती बिक्री करने को मजबूर है.
3. हमारी कंपनी के द्वारा न पहले कभी सेल लगायी गयी है, न इसके बाद लगायी जाएगी.



**KIDSWEAR UNLIMITED STOCK**
**350/- to 750/-**

**VENUE:**

# महेश भवन
**राजकुमार कॉलेज के सामने, जी.ई. रोड, रायपुर**

# गोलछा प्लाज़ा के बाजू
**जलघर चौक के आगे, ओसीएम चौक, रायपुर**

sumit

**आंबेडकर अस्पताल के शिशुरोग विभाग ने स्वीकारा- हुई है लापरवाही**

# हटाई गई मासूम के सीने के पास लगी तख्ती, अस्पताल अधीक्षक को नोटिस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

डॉ. भीमराव आंबेडकर अस्पताल की नर्सरी में नवजात के सीने के पास एचआईवी से संबंधित तख्ती चस्पा करने के खुलासे के बाद स्वास्थ्य विभाग के उच्चाधिकारियों में खलबची मच गई। छत्तीसगढ़ एड्स नियंत्रण समिति द्वारा प्रकरण में जिम्मेदारों को नोटिस और पूरे प्रदेश में सर्कुलर भेजने की तैयारी की जा रही है। वहीं दूसरी ओर आंबेडकर अस्पताल प्रशासन ने शिशुरोग विभाग के प्रमुख को नोटिस जारी करते हुए जवाब-तलब किया है। हरिभूमि ने शुक्रवार 10 अक्टूबर को मासूम के सीने के पास चस्पा कर दी तख्ती, इसकी मां एचआईवी पॉजिटिव है, शीर्षक से प्रमुखता से खबर का प्रकाशन किया। आंबेडकर अस्पताल में लापरवाही से किए गए स्टाफ के व्यवहार का खुलासा होते ही अस्पताल प्रबंधन हरकत में आ गया। मामले की गंभीरता को तत्काल संज्ञान में लेते हुए नर्सरी में बच्चे के सीने के पास लगवाई गई तख्ती हटवाई गई। साथ ही अस्पताल अधीक्षक डॉ. संतोष ने शिशु रोग विभाग के प्रमुख को नोटिस जारी करते हुए जवाब तलब किया है।

## बड़ी कार्रवाई करने की तैयारी में एड्स नियंत्रण समिति




### शिशुरोग विभाग ने स्वीकारी लापरवाही

प्रकरण में भेजे गए नोटिस के जवाब में शिशुरोग विभाग ने लापरवाही को स्वीकार कर लिया है। स्पष्टीकरण देते हुए विभागीय अफसर ने कहा है कि ट्रेनिंग करने के लिए यहां आए स्टाफ को एचआईवी संक्रमण से संबंधित सावधानी बरतने को निर्देशित किया गया था, लेकिन स्टाफ ने लापरवाही बरतते हुए मासूम के नजदीक तख्ती लगवा दी। इस लापरवाही को तत्काल सुधारा गया है।

### गोपनीयता भंग न हो, दिए निर्देश

मरीज को लेकर निजता बनाए रखना अति महत्वपूर्ण है। हमने शिशुरोग विभाग के प्रमुख को नोटिस जारी कर जवाब तलब किया है। साथ ही सभी विभागों में पत्र जारी कर यह स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि संक्रमित व्यक्ति के स्टेटस की गोपनीयता बरकरार रखें।

-डॉ. संतोष सोनकर
अधीक्षक, डॉ. आंबेडकर अस्पताल

## निधन

### सावित्री देवांगन



**रायपुर।** लाभांडी निवासी सावित्री देवांगन का 9 अक्टूबर को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार राजीव नगर श्मशानघाट में किया गया। वे रामखिलावन देवांगन की पत्नी और रविकांत व रजनी की माताजी थीं।

### बसंत कुमार तापड़िया



**रायपुर।** प्रियदर्शनी नगर निवासी बसंत कुमार तापड़िया (76) का शुक्रवार 10 अक्टूबर को निधन हो गया। उनकी अंतिम यात्रा आज 11 अक्टूबर को सुबह 10:30 बजे उनके निवास D-18/19, शिव मंदिर के पास, प्रियदर्शनी नगर से मारवाड़ी श्मशानघाट, बुढ़ापारा जाएगी। वे ग्वालदास, घनश्यामदास एवं राजेश के भाई और मिथुन, मितेश, मृणाल के पिता थे।

### किरण श्रीवास



**रायपुर।** बांसटॉल निवासी किरण श्रीवास (73) का शुक्रवार 10 अक्टूबर को निधन हो गया। उनकी अंतिम यात्रा आज 11 अक्टूबर को सुबह 11 बजे उनके निवास नवीन बीज भण्डार के पास से मारवाड़ी श्मशानघाट, जाएगी। वे कैलाश कुमार श्रीवास की पत्नी एवं प्रभात और संध्या श्रीवास की माताजी थीं।

### सुरेश जीवन



**रायपुर।** राजीव नगर निवासी सुरेश जीवन का निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार 10 अक्टूबर को देवेंद्र नगर मुक्तिधाम में किया गया। वे वासुदेव, अमित, कैलाश, विजय, पवन, जवाहर, दीपक, मोहन, प्रदीप, विशाल जीवनानी के भाई एवं शुभम जीवन के पिता थे।

### खूबचंद राजानी



**रायपुर।** आनंद विहार सेक्टर-2 निवासी खूबचंद राजानी का 10 अक्टूबर को निधन हो गया। उनकी अंतिम यात्रा 11 अक्टूबर को शाम 4.30 बजे निवास स्थान से तेलीबांधा श्मशानघाट जाएगी। वे लक्ष राजानी के पिता व हिताक्ष राजानी के दादा थे।

# गोलबाजार-चिकनी मंदिर से हटाए गए पसरा व्यापारी दीपावली तक बूढ़ापारा धरनास्थल पर लगा पाएंगे दुकानें

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

राजधानी रायपुर के गोलबाजार-चिकनी मंदिर के पास सड़क पर दुकानें लगाने वाले पसरा व्यापारियों को महापौर मीनल चौबे ने त्योहारी सीजन में राहत देते हुए दीपावली पर्व तक बूढ़ापारा धरना स्थल पर दुकानें लगाने की अनुमति दी है।

इन सभी पसरा व्यापारियों की दुकानों के कारण मालवीय रोड पर यातायात व्यवस्था प्रभावित हो रही थी। इसके कारण इन सभी दुकानों को यहां से नगर निगम ने हटवा दिया है।



### पसरा व्यापारियों ने महापौर से दुकानें लगाने मांगी थी जगह

गोलबाजार, चिकनी मंदिर के पास से पसरा दुकानों को हटाए जाने पर व्यापारियों ने महापौर मीनल चौबे से मिलकर उनके लिए वैकल्पिक व्यवस्था किए जाने की मांग की थी, ताकि त्योहारी सीजन में उनकी कमाई भी मार नहीं खाए। व्यापारियों की मांग एवं उनके प्रति सहानुभूति दिखाते हुए महापौर ने शुक्रवार को शहर के विभिन्न क्षेत्रों का दौरा किया। इस दौरान बूढ़ापारा स्थित धरना स्थल पहुंचीं, जहां खाली पड़ी भूमि को चिन्हांकित करते हुए पसरा व्यापारियों को दीपावली त्योहार तक यहां अस्थाई रूप से बैठने की व्यवस्था करने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया।

# महापौर बोलीं- संतोषजनक जवाब नहीं मिलने पर की जाएगी कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

राजधानी रायपुर के जोन-4 क्षेत्र अंतर्गत सोहागा मंदिर को संपत्ति कर नोटिस भेजने के मामले में महापौर मीनल चौबे ने कहा कि संबंधित राजस्व अधिकारियों को नोटिस जारी किया है। इस नोटिस का जवाब के लिए उन्हें समय भी दिया है। समय सीमा में संतोषजनक जवाब नहीं आने पर उनके विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी।

### सालों से धार्मिक संस्थाएं संपत्ति कर से मुक्त



राजधानी रायपुर में स्थापित मंदिर, गुरुद्वारा, मस्जिद, चर्च सहित अन्य धार्मिक संस्थाओं को वर्षों से नगर निगम प्रशासन ने संपत्ति कर से मुक्त रखा है। इसके कारण इतने लंबे समय से किसी भी धार्मिक संस्था को संपत्ति कर के लिए नगर निगम ने कोई नोटिस जारी नहीं किया है। ऐसे में अचानक जोन-4 के राजस्व विभाग के अफसरों द्वारा सोहागा मंदिर को संपत्ति कर का नोटिस जारी करने से बवाल मच गया है। हालांकि इस मामले में महापौर ने साफ तौर पर कहा है कि किसी भी धार्मिक संस्था को संपत्ति कर के लिए नोटिस जारी नहीं होगा। देखना यह होगा कि महापौर के नोटिस का राजस्व अफसर क्या जवाब देते हैं।






## खबर संक्षेप

### प्रेस क्लब कार्यकारिणी का किया गया गठन



**तिल्दा नेवरा।** शुक्रवार प्रेस क्लब तिल्दा नेवरा की बैठक क्लब के अध्यक्ष मोतीराम ज्ञानचंदानी, कार्यकारी अध्यक्ष दिलीप वर्मा की अध्यक्षता में हुई, जिसमें पदाधिकारियों का सर्वसम्मति से चयन किया गया। जिसमें उपाध्यक्ष प्रदीप पंडा, कोषाध्यक्ष निखिल वाधवा, महासचिव गोवर्धन यदु, सहसचिव नितिन जायसवाल मनोनीत किया गया। इस अवसर पर प्रेस क्लब भवन बनाने की पर चर्चा की गई। प्रेस क्लब तिल्दा नेवरा के प्रमुख संरक्षक गौरी शंकर सैनी, मोहन राजपूत, देवेंद्र अग्रवाल, रितेश वाधवा सहसंरक्षक जैनेंद्र बघेल, सदस्य गण शिव वर्मा, प्रेम बंजारे , अंकित अग्रवाल, रमेश रिंकू अग्रवाल, निकेश लाहोटी आदि उपस्थित रहे।

### भाजपा जिला ग्रामीण की ललिता वर्मा बनीं महामंत्री

**आरंग।** भारतीय जनता पार्टी रायपुर जिला ग्रामीण में



संगठनात्मक मजबूती और महिला नेतृत्व को सशक्त बनाने के उद्देश्य से ललिता वर्मा को जिला महामंत्री के पद पर मनोनीत किया गया है। यह नियुक्ति पार्टी के जिला अध्यक्ष श्याम नारंग ने किया। विदित हो कि श्रीमती वर्मा लंबे समय से पार्टी के विभिन्न प्रकोष्ठों में सक्रिय रहकर समाज सेवा और संगठन विस्तार में अहम भूमिका निभाती रही हैं। वे अपने क्षेत्र में महिलाओं को राजनीति और सामाजिक विकास से जोड़ने के लिए लगातार कार्यरत रही हैं। उनकी नियुक्ति पर कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों ने हर्ष व्यक्त किया है। पार्टी नेताओं ने विश्वास जताया है कि ललिता वर्मा के नेतृत्व में संगठन को नई ऊर्जा और दिशा मिलेगी। नवनियुक्त महामंत्री श्रीमती वर्मा ने पार्टी नेतृत्व के प्रति आभार जताते हुए कहा कि मैं संगठन द्वारा दिए गए इस विश्वास के लिए आभारी हूं। पार्टी की नीतियों और आदर्शों को जन-जन तक पहुंचाने के लिए पूरी निष्ठा और समर्पण के साथ कार्य करूंगी। उनकी नियुक्ति को महिला सशक्तिकरण की दिशा में भाजपा का एक सराहनीय कदम माना जा रहा है।

### भाजपा जिला ग्रामीण मंत्री विकास व अनुराधा मनोनीत

**तिल्दा नेवरा।** भारतीय जनता पार्टी रायपुर ग्रामीण जिला अध्यक्ष श्याम नारंग ने अपनी टीम का ऐलान कर दिया है,जिसमें तिल्दा नेवरा क्षेत्र से



जिला मंत्री के पद पर विकास कोटवानी पूर्व पार्षद, पूर्व भाजयुमो नेता को स्थान दिया गया है, वे भाजपा में लगातार सक्रिय भूमिका निभाते आ रहे हैं, उनकी नियुक्ति से तिल्दा नेवरा शहर में हर्ष व्याप्त हो गया है। भारतीय जनता पार्टी के जिला मंत्री बनने पर तिल्दा नेवरा शहर व क्षेत्र वासियों ने विकास कोटवानी और श्रीमती अनुराधा वर्मा को बधाई दी है। बधाई देने वालो में पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष महेश अग्रवाल, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष लेमिच्छा गुरु डहरिया, रमेश रिंकू अग्रवाल,दीपक शर्मा, पार्षद रानी सौरभ जैन, शहर मंडल महामंत्री सुरेश वर्मा, भाजपा नेता, लक्ष्मीचंद नागवानी, ,जीतू माधवानी, पोषण वर्मा, सुखदेव वर्मा, अरविंद वर्मा, सुदेश जैन, जय केशरवानी, नवीन केशरवानी, आदर्श अग्रवाल सहित सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने बधाई दी। वहीं विकास कोटवानी और अनुराधा वर्मा ने भाजपा प्रदेश अध्यक्ष किरण देव सहित संगठन महामंत्री पवन साय, जिला अध्यक्ष श्याम नारंग के प्रति आभार प्रकट किया है।

### मंदिरहसौद में डीजे डांस स्पर्धा आज

**मंदिर हसौद।** नव युवक गणेश उत्सव समिति इंद्रा कालोनी का डीजे डांस कार्यक्रम अब 6 की जगह 11 अक्टूबर रात 8 से को आयोजित किया जाएगा। मुख्य अतिथि वेदराम मनहरे नशा मुक्ति अभियान के प्रदेश अध्यक्ष होंगे। की अध्यक्षता गोपाल चतुर्वेदी नगर पालिका अध्यक्ष मंदिर हसौद करेंगे।

# ग्रामीणों के सशक्तिकरण के लिए है डिजिटल साक्षरता एक शानदार पहल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| धरसींवा।

छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण बैंक, शाखा धरसींवा ने नाबार्ड के सहयोग से धरसींवा विकासखंड के ग्राम परसतराई में एक सफल वित्तीय एवं डिजिटल साक्षरता कार्यक्रम का आयोजन कर ग्रामीण समुदाय में नई उम्मीद जगाई है। इस महत्वपूर्ण पहल का लक्ष्य ग्रामीणों को बैंक की सेवाओं, सरकारी वित्तीय योजनाओं और सुरक्षित डिजिटल भुगतान के तरीकों के प्रति जागरूक करके उन्हें वित्तीय रूप से सशक्त और आत्मनिर्भर बनाना है।

कार्यक्रम में शाखा प्रबंधक श्री नवीन शर्मा ने अपने प्रभावी उद्बोधन में ग्रामीणों को वित्तीय साक्षरता के महत्व पर जोर दिया। उन्होंने स्पष्ट शब्दों में कहा, /"वित्तीय साक्षरता आज ग्रामीण विकास की आधारशिला है। जब ग्रामीण जागरूक होंगे, तभी वे सरकारी योजनाओं का पूरा लाभ ले पाएंगे और आर्थिक रूप से मजबूत बन सकेंगे।

श्री शर्मा ने ग्रामीणों को बैंक की प्रमुख योजनाओं जैसे जनधन खाता, किसान क्रेडिट कार्ड के माध्यम से ऋण सुविधा, स्वयं सहायता समूह के लिए उपलब्ध ऋण योजनाएँ, और विभिन्न बीमा योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने विशेष रूप से डिजिटल पेमेंट माध्यमों - और Rupay के उपयोग और उनसे होने वाले समय और श्रम की बचत के फायदों को समझाया।

## वित्तीय साक्षरता ग्रामीण विकास की आधारशिला

### डिजिटल सुरक्षा और सतर्कता पर विशेष ज़ोर

वित्तीय समावेशन के साथ-साथ, इस आयोजन में सतर्कता जागरूकता सप्ताह के तहत महत्वपूर्ण संदेश भी दिया गया। बैंक अधिकारियों ने ग्रामीणों को भ्रष्टाचार के विरुद्ध सजग रहने और ईमानदारी तथा पारदर्शिता के मूल्यों को अपने जीवन में उतारने के लिए प्रेरित किया। डिजिटल लेनदेन की सुरक्षा पर विशेष ध्यान देते हुए, श्री शर्मा और बैंक अधिकारियों ने कड़ा संदेश दिया कि ग्रामीण कभी भी अपना या बैंक विवरण किसी के साथ साझा न करें। उन्होंने फिशिंग कॉल से सावधान रहने और केवल सुरक्षित मोबाइल ऐप्स का ही इस्तेमाल करने की सख्त सलाह दी। श्री शर्मा ने जोर देकर कहा, /"डिजिटल बैंकिंग से सुविधा मिलती है, लेकिन इसके साथ ही हमें उतनी ही अधिक सतर्कता भी रखनी होगी।



## सुख-समृद्धि और पति की दीर्घायु के लिए किया निर्जला व्रत और की पूजा-अर्चना

# करवा चौथ पर सुहागिनों ने चंद्रमा को दिया अर्घ्य और मांगा अखंड सौभाग्य

हरिभूमि न्यूज ▶▶| धरसींवा।

करवा चौथ के पुनीत पर्व पर धरसींवा अंचल के सैकड़ो गांव जिसमे धरसींवा, परसतराई , रैता, सिलयारी सहित अंचल में आस्था, प्रेम और पारंपरिक उल्लास के एक अनुपम रंग में सराबोर रहा। हज़ारों सुहागिनों ने अपने पति की दीर्घायु और सौभाग्य की कामना के लिए निर्जला उपवास रखा। पर्व का यह पवित्र समर्पण धरसींवा की सांस्कृतिक विरासत को जीवंत कर गया।

अंचल में सुबह से ही घरों में उत्सव का माहौल था सुहागिनों ने स्नान के उपरांत पारंपरिक परिधान धारण किए और पूरे विधि-विधान से पूजा की तैयारी की। दिन भर जल की एक बूँद तक त्यागे बिना, महिलाओं ने धैर्य और दृढ़ता का परिचय दिया। कई स्थानों पर सामुदायिक रूप से व्रत कथा का आयोजन किया गया। उनके चेहरों पर पति के प्रति अगाध प्रेम का अलौकिक तेज स्पष्ट दिखाई दे रहा था।

### चाँद के दीदार में बदली बाधा

करवा चौथ की परंपराओं के अनुसार, महिलाएं दिनभर निर्जला व्रत रखती हैं और शाम को चंद्रमा के दर्शन के बाद करवे से अर्घ्य देकर, पति के हाथों से पानी पीकर व्रत खोलती हैं। यह परंपरा दांपत्य जीवन में प्रेम, समर्पण और विश्वास के महत्व को उजागर करती है। हालांकि, व्रत खोलते समय बेमौसम बारिश की आशंका ने महिलाओं की चिंता बढ़ा दी, जिससे चांद की दीदार में उनकी आँखें अटकी रहीं। महिलाओं का कहना है कि यह व्रत उनके लिए एक भावनात्मक और आध्यात्मिक अनुभव होता है, जो रिश्तों को और मजबूत करता है।



### बाजार रहे गुलजार जमकर की खरीदारी

*पर्व के आगमन के साथ ही धरसींवा के प्रमुख बाजारों में उत्सवी भीड़ देर शाम तक उमड़ती रही। महिलाओं ने पूजा सामग्री, सोलह श्रृंगार के सामान, रंग-बिरंगी साड़ियों और आभूषणों की जमकर खरीदारी की। इस बार त्योहार पर मिष्ठान की बिक्री ने पिछले सभी रिकॉर्ड तोड़ दिए। विशेष रूप से गुड़ की मिठाइयों और पारंपरिक पकवानों की दुकानों पर ग्राहकों की लंबी कतारें लगी रहीं।*



### अंचल में सुहागिनों ने प्रेम और भक्ति से मनाया करवा चौथ

**आरंग।** करवा चौथ का पारंपरिक पर्व इस वर्ष आरंग शहर सहित आसपास के ग्रामीण अंचलों के लखौली, रीवा, कुकरा, भानसोज, नारा, फरफौद, खौली, गोढ़ी, परसदा, पलौद, चंदखुरी, गुल्लू, समोंदा, बनारसी, भिलाई, कुम्हारी और रसनी गांवों में बड़ी श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया गया। क्षेत्रभर में सुहागिन महिलाओं ने दिनभर निर्जला व्रत रख अपने पति की दीर्घायु और सुखमय जीवन की कामना की। सुबह से ही गांवों में महिलाओं की चहल-पहल बनी रही। पारंपरिक परिधानों में सजी-धजी महिलाओं ने सोलह श्रृंगार कर भगवान गणेश व माता पार्वती की पूजा-अर्चना की। शाम होते ही चाँद के दर्शन के साथ करवा चौथ की कथा सुनकर व्रत का पारण किया गया।कई गांवों में महिलाओं ने सामूहिक रूप से पूजा आयोजन किए, जहां गीत-संगीत के बीच उत्सव का वातावरण देखने को मिला। वहीं, बाजारों में साड़ी, चूड़ी, मेहंदी और श्रृंगार सामग्री की खरीददारी से रौनक छाई रही। ग्रामीण क्षेत्रों में पारंपरिकता के साथ आधुनिकता की झलक भी देखने को मिली युवा महिलाओं ने सोशल मीडिया पर शुभकामनाएं साझा करते हुए अपने पारंपरिक स्वरूप की झलकियां भी प्रसारित कीं। करवा चौथ का यह पर्व ग्रामीण समाज में नारी शक्ति, आस्था और वैवाहिक समर्पण का प्रतीक बनते हुए सामाजिक एकता और पारिवारिक प्रेम को सशक्त करता नजर आया।

# बारिश में उलझे किसान रंगाई-पोताई अटकी दीपावली की तैयारी है फीकी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| आरंग

हर साल दीपावली से पंद्रह-बीस दिन पहले गाँव की गलियाँ चूना-पेंट की खुशबू से महक उठती थीं। घरों की दीवारों पर रंग-रोगन का काम चलता, दुकानों पर भीड़ उमड़ती, और बच्चे पटाखों की बातों में मग्न रहते थे। लेकिन इस बार का नजारा कुछ बदला-बदला सा है। न गाँवों में पहले जैसी चहल-पहल है, न ही रंग और पेंट की दुकानों में ग्राहकों की भीड़। दीपावली का पर्व नजदीक आने के बावजूद गाँवों में त्योहार की तैयारी का उत्साह फीका पड़ा हुआ है। ग्रामीणों का कहना है कि इस बार उनका ध्यान त्योहारों की चमक-धमक से ज्यादा अपनी फसल को बचाने पर केंद्रित है। खेतों में इस समय धान की फसल विभिन्न कीट रोगों की चपेट में है, जिससे किसान कीटनाशक दवाओं के छिड़काव में जुटे हुए हैं। जहाँ बीते सालों में किसान अपनी मेहनत का कुछ हिस्सा घर की सजावट और त्योहार की तैयारी में लगाते थे, वहीं इस बार अधिकांश किसान खेतों में ही अपना समय और पैसा खर्च कर रहे हैं। कीटनाशकों, दवाओं और मजदूरी की बढ़ी लागत ने किसानों की जेब पहले ही हल्की कर दी है। ऐसे में रंग, पेंट और सजावट के सामान की खरीदी फिलहाल उनकी प्राथमिकता से बाहर हो गई है। रंग-पेंट व्यापारियों का भी कहना है कि इस बार बिक्री में भारी गिरावट दर्ज हो रही है। पिछले वर्षों की तुलना में अब तक आधी से भी कम मांग आई है। उनका मानना है कि जब तक किसान को अपनी फसल की सुरक्षा का भरोसा नहीं मिल जाता, तब तक ग्रामीण बाजारों में दीपावली की रौनक लौटना मुश्किल है। गाँव के बुजुर्ग बताते हैं कि दीपावली केवल दीपों का नहीं, बल्कि खुशहाली का प्रतीक मानी जाती है। पर इस बार किसान की खुशहाली उसके खेत से जुड़ी है। फसल सुरक्षित रहे तो घर में दीप जरूर जलेंगे नहीं तो यह रोशनी भी चिंताओं की छाया में दब जाएगी।

- रंग-पेंट और चून की दुकानों में ग्राहकी ठंडी
- किसानों को दिवाली नहीं खेतों पर फसल की चिंता

# भगवान श्रीराम प्रत्येक युग के आदर्श : संत श्रीकामता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| आरंग



ग्राम लखौली के विवेकानन्द बाल उद्यान में आयोजित श्रीराम चरित मानस प्रवचन में श्रद्धा और भक्ति का अद्भुत संगम देखने को मिला। सुप्रसिद्ध कथा वाचक संत कामता प्रसाद शरण ने अपनी ओजस्वी वाणी में मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम के जीवन आदर्शों, मर्यादा, त्याग, और धर्मनिष्ठा पर सारगर्भित प्रवचन प्रस्तुत किया। संत शरण ने कहा कि श्रीराम का जीवन प्रत्येक युग में आदर्श है उन्होंने अपने कर्म, आचरण और वचन से मानवता को धर्म, सत्य और कर्तव्य का संदेश दिया। प्रवचन के दौरान श्रद्धालुओं ने भावविभोर होकर "जय श्रीराम" के जयघोष लगाए। पूरा वातावरण भक्तिरस से सराबोर हो उठा। कथा स्थल विवेकानंद बाल उद्यान (नहर किनारे) में सजे भव्य पंडाल में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी रही। महिलाओं, युवाओं और वरिष्ठ नागरिकों ने एकाग्र मन से कथा श्रवण कर आत्मिक शांति का अनुभव किया। स्थानीय युवा देवव्रत चंद्राकर (गोलू) ने बताया कि इस आयोजन का उद्देश्य समाज में संस्कार, सदाचार और भक्ति भावना को मजबूत करना है। कथा प्रारम्भ के शुरुवात से ही रीवा, कुकरा, नारा, भानसोज, परसदा, पलौद और धमनी सहित अन्य गावो से भी बड़ी संख्या में श्रद्धालु कथा श्रवण हेतु पहुंचे।

## धरसींवा व खरोरा में विधायक अनुज शर्मा ने लगाया जनदर्शन

**कूंरा।** विधायक अनुज शर्मा ने अपने विधानसभा क्षेत्र के लोगो के बीच पहुँच कर उनकी समस्याएं सुनी तथा उनके निराकरण हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिए। आज दोपहर 1 बजे से 3 बजे तक अपने विधायक कार्यलय में लोगो के बीच रह कर उनकी समस्याओं को सुना और त्वरित समाधान भी किया। उन्होंने मीडिया से चर्चा करते हुए बताया कि जनता की हर समस्या का समाधान सुनिश्चित करना हमारा संकल्प है। हम जनदर्शन के माध्यम से लोगो की छोटी बड़ी समस्याओं का निराकरण किया जाता है।जनदर्शन का उद्देश्य प्रशासनिक व्यवस्था में कसावट लाना है। आम आदमी को छोटे-छोटे काम के लिए भटकना न पड़े, कर्मचारी-अधिकारी नियम-कानून का अड़ंगा लगाकर जनसामान्य को परेशान न करें।आम आदमी को परेशान कर शासन की छवि धूमिल करने वाले अधिकारी बख्शे नहीं जाएंगे। उन्होंने सख्त चेतावनी दी है कि क्षेत्र के किसान, गरीब, मजदूर और अंतिम छोर के व्यक्ति को कोई परेशानी न हो, यह अधिकारियों की जिम्मेदारी है। सरकार के महत्वाकांक्षी योजनाओं को जमीनी स्तर पर हितग्राहियों को लाभान्वित करने संबंधित अधिकारी कमर कस लें, इसमें लापरवाही नहीं चलेगी। इस अवसर पर धरसींवा क्षेत्र की जनमानस के साथ भाजपा के वरिष्ठ कार्यकर्ता पदाधिकारी भी उपस्थित रहे।

## नहर किनारे मिली लाश पुलिस विवेचना जारी

**अभनपुर।** अभनपुर थाना क्षेत्र आमनेर गांव के 1 किमी पहले नहर किनारे एक छोटे से डबरी मे अज्ञात व्यक्ति की शव को सुबह खेत मे काम करने वाले मजदूरो ने देखा जिसकी सूचना अभनपुर थाना को दी गई,जहां अभनपुर पुलिस ,डॉग स्वाइड व फॉरेंसिक टीम,क्राइम ब्रांच,एडिशनल एसपी विवेक शुक्ला घटना स्थल पर पहुंचे,शव को डबरी से निकालने के बाद मृतक की पहचान गातापार निवासी सोनू पाल के रूप मे हुई है। मिली जानकारी अनुसार आरोपियो की पहचान हो गयी है लेकिन आधिकारिक रूप से पुलिस द्वारा नही बताया गया है लेकिन पता चला है कि 9 अक्टूबर की शाम को मृतक सोनू पाल आमनेर के 2-3 व्यक्तियो के साथ शराब पी रहा था तथा सुबह आमनेर मे उसी व्यक्ति का मृत पाया गया,अभनपुर पुलिस आमनेर निवासी अजय रात्रे,सुमीत बांधे को हिरासत मे लेकर पूछताछ कर रही है तथा पुलिस को पूरी शंका है कि यही व्यक्ति ही हत्या मे मुख्य आरोपी हो सकते है,देर शाम शव को परिजनो को सौप दिया गया है तथा आगे की विवेचना की जा रही है।

# सीआरपीएफ ने चरौदा में वृहद स्वच्छता अभियान चलाया एवं किया पौधारोपण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| आरंग




शुक्रवार को अजय कुमार सिंह उप महानिरीक्षक ग्रुप केंद्र, केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल भिलाई के निर्देशन में भारत सरकार के स्पेशल कैंपेन 5.0कार्यक्रम के अंतर्गत वृहत स्वच्छता अभियान एवं पौधरोपण किया गया। जिसके तहत ग्राम के बस स्टैंड, अस्पताल परिसर, नवीन प्राथमिक एवं पूर्व माध्यमिक शाला चरौदा में वृहत रूप से स्वच्छता अभियान एवं पौधरोपण किया गया। जिसमें ग्रामीणों जनप्रतिनिधियों व स्कूली बच्चों व शिक्षकों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया।इस मौके पर सहायक कमांडेंट राजकुमार ने समुदाय को प्रेरित करते हुए कहा हम सबके सामूहिक प्रयासों से ही गांव राज्य व देश स्वच्छ हो सकता है। इसलिए स्वच्छता अभियान को सफल बनाना हम सबकी जिम्मेदारी है। वहीं ग्राम के सरपंच देवशरण धीवर ने सीआरपीएफ जवानों का अभिनंदन करते हुए सीआरपीएफ द्वारा चलाए जा रहे विशेष स्वच्छता व पौधरोपण अभियान की पहल की मुक्त कंठ से सराहना करते हुए स्वच्छता अभियान में शामिल हुए। वहीं नवीन प्राथमिक व शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला चरौदा परिसर में सीआरपीएफ जवानों ने बच्चों व ग्रामीणों के साथ मिलकर बड़ी संख्या में पौधे रोपित करते हुए बच्चों को स्वच्छता और पौधरोपण के लिए प्रेरित किया।उक्त कार्यक्रम के आयोजन संयोजन में अहम भूमिका उप कमांडेंट अजय सिंह, असिस्टेंट कमांडेंट राजकुमार, इंस्पेक्टर महेन्द्र यादव, अरविंद कुमार, उदयभान चतुर्वेदी, एएसआई प्रमोद शर्मा,शिक्षक महेन्द्र कुमार पटेल, सरपंच देवशरण धीवर सहित अन्य जवानों व ग्रामीणों का रहा। स्वच्छता अभियान में प्रमुख रूप से ग्राम सरपंच देवशरण धीवर,पंच प्रेमलाल साहू, कन्हैया साहू, पंच प्रतिनिधि राकेश धीवर, पंच प्रतिनिधि संतोष कोसरिया, एसएमसी अध्यक्ष हेमाराम परमार, युवा साहू संगठन से राजू साहू, दिलीप धीवर, पूर्व माध्यमिक शाला से संस्था प्रमुख कीर्ति कुमार परमाल, शिक्षक महेन्द्र पटेल, सूर्यकांत चन्द्राकार, दीनदयाल धीवर, डिलेश्वर साहू, नवीन प्राथमिक शाला से संस्था प्रमुख सुशील कुमार आवडे, शिक्षक जितेंद्र यदु, शिक्षिका पायल शुक्ला, पार्वती साहू, प्रभा साहू, ग्राम के सभी मितानीनों सहित बड़ी संख्या में स्कूली बच्चों, सीआरपीएफ जवानों व ग्रामीणों की सहभागिता रही।

## छातौद के छत्तीसगढ़ राज्य पंचायत परिषद सम्मेलन में अधिकारों के उपयोग पर दिया जोर

# त्रिस्तरीय पंचायती राज कार्यक्रमों का जमीन क्रियान्वयन विकास की गारंटी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| तिल्दा नेवरा



गत दिवस छत्तीसगढ़ राज्य पंचायत परिषद द्वारा पंचायत सम्मेलन का आयोजन तिल्दा के समीपस्थ ग्राम छतौद में किया गया जिसमें राष्ट्रीय अध्यक्ष अशोक जादौन ने ग्राम विकाश की संकल्पना और पंचायत परिषद के द्वारा किए कार्यों और विकाश क्रम पर प्रकाश डालते हुए कहा कि त्रि स्तरीय पंचायत पदाधिकारी एकजुट हो जाए तो सारे समस्याओं का समाधान निश्चित है। उन्होंने बताया कि परिषद द्वारा दिए सलाह अनुसार ही 73 वे संविधान संशोधन के बाद ही त्रि स्तरीय पंचायत राज का गठन हुआ और भारत रत्न श्री जय प्रकाश नारायण और डॉक्टर बलवंत राय मेहता द्वारा ग्राम स्वराज की जो संकल्पना की गई थी इसमें विकेंद्रीकरण कर पंचायतों को अधिक अधिकार संपन्न बनाने का विषय समाहित था, किंतु यह छत्तीसगढ़ सहित अधिकतर राज्यों में सिर्फ कागजों में दिखता है जबकि जमीन स्तर पर अधिकारी ही ग्राम सरकार चला रहे, उन्होंने परिषद से जुड़कर एकजुट होने का आह्वान किया। परिषद की राष्ट्रीय महासचिव और पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष लक्ष्मी वर्मा ने कहा कि पंचायतें विकास की धुरी है विकसित राष्ट्र के सपने को पूरा करने के लिए गांवों का विकास जरूरी है। कार्य में जाने अनजाने में हुए अनियमितता की स्थित में पंचायत पदाधिकारी पर तो धारा 40 लगाकर पद से बेदखली तथा वसूली तो होती है लेकिन समान रूप से जिम्मेदार अधिकारी और सचिव साफ बच निकलते है। उन्होंने महिला जनप्रतिनिधियों से आह्वान किया कि सरकार ने 50% महिला आरक्षण देकर महिलाओं के हाथ में ग्राम सरकार सौंपी है अतः स्वावलंबी और पंचायत के अधिकारों के जानकार बनकर जनाकांक्षाओं को पूरा करे ।

### पेंशन और भत्ते की मांग

छत्तीसगढ़ पंचायत परिषद के महासचिव अनुपम अग्रवाल ने परिषद द्वारा छत्तीसगढ़ में कार्य विस्तार और प्रगति का लेखा जोखा प्रस्तुत करते हुए कहा कि राष्ट्रीय अध्यक्ष का हमारे बीच सम्मेलन में होना गौरव की बात है, इस परिषद ने श्री लाल बहादुर शास्त्री , श्री मोरारजी देसाई जैसे कई प्रधानमंत्री दिए है, कई मुख्यमंत्री , सांसद और विधायक बने है, संघ, समिति या समूह कई बन सकता है लेकिन परिषद देश में सिर्फ एक होता है जो हमारा परिषद है, श्री अग्रवाल ने विधायक सांसद की तरह पंचायत जनप्रतिनिधियों को भी पेंशन एवं अन्य भत्ते दिए जाने हेतु मांग किया जिसे राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री अशोक जादौन ने केंद्रीय पंचायत मंत्रालय को मांग प्रतिवेदन भेजने का आश्वासन दिया। आयोजित सम्मेलन में विभिन्न गांव के सरपंच , जनपद प्रतिनिधियों ने अपनी-अपनी समस्याएं रखी जिसका समाधान राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री अशोक जादौन जी ने किया।

# नाबालिग से दुष्कर्म आरोपी जेल दाखिल



**अभनपुर।** थाना अभनपुर पुलिस ने नाबालिक से दुष्कर्म करने वाले आरोपी प्रेम निषाद पिता स्व गेदलाल निषाद उम्र 20 वर्ष निवासी ग्राम खट्टी को गिरफ्तार कर जुडिशियल रिमांड पर भेज दिया गया। प्रार्थी दुकेन्द्र सिंह ने 4 अक्टूबर की घटना की सूचना दी थी, जिसमें आरोपी ने प्रार्थी की नाबालिक भांजी को बहला-फुसलाकर अपहरण कर सुनसान स्थान पर ले जाकर शारीरिक संबंध बनाए जिसके आधार पर पर थाना अभनपुर ने आरोपी के खिलाफ धारा 137(2), 64(2)(एम), 65(1) बी.एन.एस.6 पाक्सो एक्ट के तहत मामला दर्ज कर जांच की। पर्याप्त साक्ष्य मिलने के बाद पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार किया।



करवाचौथ व्रती महिलाओं ने शुक्रवार को सुबह से देर शाम तक सरगी लेकर श्रृंगार, पूजा-विधान, करवा माता की कथा सुनने और मनोरंजक गेम्स खेल कर चांद निकलने का इंतजार किया। व्रती महिलाएं सोलह श्रृंगार, मेहंदी और पूजा की थाली सजाकर करवाचौथ सुहाग का पर्व सेलिब्रेट किया। व्रती महिलाओं ने देर रात चांद निकलने के बाद चांद को अर्घ्य दिया, फिर पति के हाथों से जल ग्रहण किया। शहर में अलग-अलग समाज के महिला समूहों द्वारा सामूहिक रूप से करवाचौथ सेलिब्रेशन का आयोजन किया गया, जहां व्रती महिलाएं सुबह से लेकर चांद के दीदार तक करवा माता के पूजा-कथा श्रवण में लीन रहीं।

## एजूकेशन अपडेट

## इंजीनियरिंग क्षेत्र में मददगार एआई और मशीन लर्निंग की तकनीक



रायपुर। राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान के इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग विभाग और कंप्यूटर साइंस एंड इंजीनियरिंग विभाग द्वारा 'एआई-ड्रिवन सॉल्यूशंस फॉर इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग- इंटेलिजेंट स्ट्रेटेजीज टू टैकल मॉडर्न ईई चैलेंज' विषय पर प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। 10 दिवसीय ऑनलाइन मोड कार्यशाला में विभिन्न शहरों से छात्रों को भी शामिल किया गया। इसका उद्देश्य एआई, मशीन लर्निंग और ऑप्टिमाइजेशन के अनुप्रयोगों पर केंद्रित गहन शिक्षण और नवीन अनुसंधान प्रवृत्तियों की जानकारी देना रहा, ताकि छात्रों को शैक्षणिक और औद्योगिक आवश्यकता के अनुरूप सैद्धांतिक व व्यावहारिक दृष्टिकोण को सुदृढ़ किया जा सके। मौके पर डॉ. ईभा कोले, डॉ. आकांक्षा शराफ, डॉ. बैद्यनाथ बाग ने सत्र को मार्गदर्शित किया।

### प्रशिक्षण कार्यक्रम में 92 प्रतिभागी शामिल

प्रशिक्षण कार्यक्रम में कुल 92 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। एनआईटी के निदेशक डॉ. एनवी रमना राव ने कहा कि इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग के छात्रों को नवीन तकनीकों के साथ जुड़कर कार्य करने की आवश्यकता है। वह उनके कौशल विकास में मददगार साबित होगी। एआई और मशीन लर्निंग की तकनीक इंजीनियरिंग क्षेत्र में जटिल समस्याओं के प्रभावी समाधान में अत्यंत सहायक सिद्ध हो रही है। वर्तमान समय में ऐसे इलेक्ट्रिकल इंजीनियर्स अत्यधिक आवश्यक हैं, जो न केवल परंपरागत इंजीनियरिंग सिद्धांतों में दक्ष को बढ़ाते हैं, बल्कि एआई-संचालित उपकरणों का उपयोग कर स्मार्ट वर्क के साथ जोड़ने का प्रयास करते हैं। दस दिवसीय कार्यशाला में रोजाना 2 सत्र का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें 2 घंटे से अधिक व्याख्यान सत्र आयोजित किया जा रहा है।

● दिनभर निर्जला, रात चांद को अर्घ्य देकर पति से ग्रहण किया जल, सुहागिनों ने मनाया पर्व

# सोलह श्रृंगार कर चांद का दीदार...

रायपुर। महिलाएं निर्जला व्रत रखते हुए भगवान शिव, माता पार्वती और चौथ माता की पूजा की और रात में घर-आंगन, छत पर चांद के आने का इंतजार करती रहीं। राजधानी में करीब रात 8 बजे के आसपास चांद का दीदार होने संभावना बताई गई, लेकिन आकाश में बादल छाए होने के कारण चांद का दीदार करीब रात 9 बजे हुआ। बता दें कि कई महिलाएं पहली बार तो कई कई महिलाएं अपना 25वां करवाचौथ तो कोई 50वां करवाचौथ सेलिब्रेट कीं। ऐसे में इन्होंने पति लंबी उम्र के लिए सफल करवाचौथ पूजन पूरा किया। करवाचौथ व्रत के अवसर पर व्रती महिलाओं ने अपने मेमोरिबल पलों को हरिभूमि टीम से साझा किया।





### पहला करवाचौथ बनाया मेमोरेबल

शहर की प्रीत चोपड़ा का यह पहला करवाचौथ व्रत रहा। इसे लेकर वे काफी उत्साहित रहीं। अपने करवाचौथ व्रत को यादगार व खास बनाने सुबह से सरगी लेकर पूजा थाली की सजावट, मेहंदी, व्रत की नियमों का पालन कर व्रत को आगे बढ़ाया। छलनी से चांद का दीदार कर अपने पति पलाश चोपड़ा से जल ग्रहण कर करवाचौथ पर्व को मेमोरेबल बनाया।

### विश्वास और सम्मान के 21 साल

शहर की पूजा चोपड़ा ने अपने 21वें करवाचौथ व्रत पर खास तैयारियों और अब तक खुशहाल दांपत्य जीवन के बारे में अनुभव साझा करते हुए बताया कि शानदार, यादगार 21वां करवाचौथ व्रत सेलिब्रेट कर रही हैं। सुबह से सरगी लेकर निर्जला व्रत किया, देर रात करीब 9 बजे चांद का दीदार कर पतिदेव विकास चोपड़ा के हाथों जल ग्रहण कर व्रत पूरा किया। पत्नी के रिश्तों के विश्वास और सम्मान का यह सफर हर करवाचौथ पर और मजबूत होता जा रहा है।



### विभूति और रोहित का 25वां हैप्पी मोमेंट वाला व्रत



शहर की विभूति अरोरा का यह 25वां करवाचौथ का व्रत रहा। पति रोहित अरोरा ने बताया कि यह उनका 25वां करवाचौथ व्रत हैं। करवाचौथ की पूरी तैयारी पत्नी विभूति अरोरा ने बड़े ही हैप्पी मोमेंट के साथ की थी। रात को चांद निकलने पर व्रत का पारण किया गया। इस तरह से विभूति अरोरा व रोहित अरोरा दोनों एक-दूसरे के प्रति प्यार और सम्मान को बढ़ावा देने का पुनीत कार्य कर खुशहाल दांपत्य जीवन में आगे बढ़ रहे हैं।



### गेम, सांस्कृतिक गतिविधियों का उठाया लुत्फ

*व्रती महिलाएं निर्जला उपवास के दौरान चांद के इंतजार में गेम, हाउजी, गीत-संगीत जैसी मनोरंजनक गतिविधियों का लुत्फ उठाया। इस दौरान लगभग 300 महिलाओं ने परंपरागत पूजा कर करवा माता की कथा सुनी। सुंदर परिधान में सजी महिलाओं ने तम्बोला एवं विभिन्न खेलों में भाग लिया। कार्यक्रम में पहला, 25वां करवा चौथ मना रही महिलाओं को सम्मानित किया गया। बेस्ट ड्रेस के लिए भी पुरस्कृत किया गया। सभा के अध्यक्ष जवाहर खन्ना ने शुभकामनाएं दी। महिला मंडल अध्यक्ष रेणु गुप्ता व यूथ अध्यक्ष प्रिया टावरे ने महिलाओं को पूजा-अर्चना में सहयोग किया।*

## लाइव इवेंट

## 'गोंधल आई भवानी' लोकनृत्य पर महिलाओं ने दी शानदार प्रस्तुति



रायपुर। महिलाओं ने मराठी लोकनृत्य 'गोंधल आई भवानी' पर अपनी शानदार प्रस्तुति दी। कार्यक्रम का आयोजन महाराष्ट्र मंडल स्थित शंकर नगर केंद्र में किया गया। प्रतिभागियों ने अपने नृत्य से दर्शकों को दिल जीत लिया। साथ ही सभी महिलाएं आकर्षक व पारंपारिक वेशभूषा में नजर आईं। दर्शकों को सबसे ज्यादा 'गोंधल आई भवानी' और 'आई अंबाबाई' की प्रस्तुतियां पसंद आईं। उपाध्यक्ष गीता दलाल ने बताया कि शंकर नगर महिला केंद्र की देविका देशपांडे, रैना पुराणिक, लीना मुजूमदार, सपना काडू, अमृता सोमण, स्वाति जोशी, वैशाली निमजे, कविता लांजेवार, वर्षा उरकुरकर और श्वेता डबली ने पिछले कई दिनों से इसकी जोरदार रिहर्सल की। नृत्य को लेकर उनकी मेहनत और समर्पण संत ज्ञानेश्वर सभागृह के कुमुदिनी वरवंडकर स्मृति रंगमंच पर बेहतरीन प्रस्तुति के रूप में सामने आया।

### 20 प्रतिभागियों ने निबंध स्पर्धा में लिया भाग

बृहन्महाराष्ट्र मंडल नई दिल्ली और राज्य विकास संस्था मुंबई के संयुक्त तत्वावधान में मराठी भाषा निबंध प्रतियोगिता का आयोजन महाराष्ट्र मंडल में किया गया। इसमें प्रतिभागियों ने पुण्य श्लोका राजमाता अहिल्याबाई और धर्म और विज्ञान, मित्र या शत्रु विषय पर निबंध लिखा। इस स्पर्धा में लगभग 20 प्रतिभागियों ने भाग लिया। निबंध लेखन स्पर्धा में सात प्रतिभागियों ने पुण्य श्लोका देवी अहिल्या बाई होल्कर पर और बाकी प्रतिभागियों ने धर्म, विज्ञान-मित्र या शत्रु विषय पर निबंध लिखा। सभी प्रतिभागियों ने 1000 से 1500 शब्दों में निबंध लिखा। कार्यक्रम के अंत में सभी प्रतिभागियों को सहभागिता प्रमाणपत्र के साथ उपहार प्रदान किए गए।

# बेटियां पढ़ाई के साथ ही गीत-संगीत और खेल के मैदान पर दिखा रहीं दम, आत्मनिर्भर बनने तराश रहीं प्रतिभा

रायपुर। शहर में हर साल 11 अक्टूबर को अंतर्राष्ट्रीय बालिका दिवस मनाया जाता है। इस अवसर को खास बनाने कई जगह रैलियों के माध्यम से जागरूकता अभियान भी चलाया जाता है। इस वर्ष की थीम "द गर्ल आई एम, द चेंज आई लीड : गर्ल्स ऑन द फ्रंटलाइन्स ऑफ क्राइसिस है। इस थीम का फोकस उन परिस्थितियों से है, जिनका सामना बालिकाओं को करना पड़ता है। उनकी दृढ़ता, नेतृत्व क्षमता और मजबूत इरादे ही उनकी पहचान बनती है। इस दिन की महत्ता को शहर जाने कितनी ही बेटियां सार्थक कर रही हैं। पढ़ाई के साथ अलग-अलग क्षेत्र में नाम कमा रही बेटियों से हरिभूमि ने बात की। जो बचपन से ही घर, मोहल्ले, शहर, समाज, प्रदेश, देश में अपनी पहचान बना रही हैं। साथ ही अन्य बेटियों को प्रेरणा दे रही हैं। पढ़ाई के साथ हर दिन 2 से 4 घंटे सिंगिंग, डांसिंग, पेंटिंग और लेखन जैसी विधा को समय दे रही हैं।

### बेस्ट गर्ल चाइल्ड का खिताब 2016 में जीता

कभी मटकी फोड़ती हैं तो कभी बल्ला घुमाती हैं। कभी बच्चों को पढ़ातीं तो कभी घर-घर रंगोली सजाती हैं। पूरे कॉलोनी में जिससे रौनक है, वो हैं समृद्धि दुबे, जिन्होंने बेस्ट गर्ल चाइल्ड का खिताब-2016 में अपने नाम किया। पढ़ाई के साथ नृत्य, साहित्य, खेल में जुड़ी हैं। उन्होंने बताया कि वर्तमान में ज्यादा फोकस पढ़ाई पर कर रही हैं। साथ ही दिन में कुछ समय निकालकर अलग-अलग करिकुलम करती हैं। साथ ही मोहल्ले के बच्चियों को पढ़ाती हैं, जिससे वो भविष्य में अपनी पहचान बना सकें। मोहल्ले में अपनी व्यवहार कुशलता और सबके सहयोग के लिए विशिष्ट पहचान रखती हैं।




### पढ़ाई के साथ चार साल से सीख रही कथक

शहर में चर्चित कथक नर्तकी राधिका शर्मा ने बातचीत में बताया कि मैं 4 साल से नृत्य कर रही हूं और अभी भी सीख रही हूं। 6 साल के कोर्स में से 3 साल उनके पूरे हो चुके हैं। पढ़ाई के साथ हर दिन कथक की प्रैक्टिस करती हूं और क्लासेस भी जाती हूं। अभी मैं 12 साल की हूं और मैंने ओडिशा, मध्यप्रदेश, हिमाचल प्रदेश व छत्तीसगढ़ को मिलाकर 25 से ज्यादा स्टेज परफॉर्मेंस दे चुकी हूं। उन्होंने बताया की 9 साल की उम्र में कथक सीखना बहुत कठिन लगने लगा, लेकिन छोड़ने का मन नहीं किया। धीरे-धीरे प्रैक्टिस और थोड़ा ब्रेक लेने के बाद दुबारा शुरुआत की। आगे बताया कि डांस क्लास आने के बाद भी घर पर भी प्रैक्टिस करती हूं और कथक के बारे में पढ़ती हूं। वर्तमान समय में कथक ताल, मुद्रा के बारे में सीख रही हूं। इतने साल में ताल, त्रिताल, ताल दादरा सीख चुकी हूं। पढ़ाई में भी 80 प्रतिशत तक स्कोर कर लेती हूं।

### पारंपारिक गीतों से बना रही पहचान

गीतों की दुनिया में अपनी पहचान बनाने वाली ओजस्वी साहू ने बातचीत में बताया कि मुझे बचपन से गीत से जुड़ाव महसूस होता था। 9 वर्ष की उम्र में गीत की दुनिया में कदम बढ़ाया और जर्नी की शुरुआत की। उन्होंने बताया कि राज्य के सभी जिलों में अपने गीत के जरिए लोगों का दिल जीता है। साथ ही नागपुर, मुंबई, कोलकाता व ओडिशा समेत कई जगहों पर स्टेज परफॉर्मेंस दे चुकी हैं। आगे बताती हैं कि लोकगीत में जसगीत, देवार गीत, राउत नाचा, सुआ गीत, गौरा-गौरी आदि पारंपारिक गीतों की प्रस्तुति देती हैं। 16 साल की उम्र में सपना लेकर चल रही कि छत्तीसगढ़ी गीतों की पहचान विश्व में हो और सम्मान मिले। उन्होंने बताया कि अपने वोकल को अच्छा करने के लिए खट्टा, ठंडा पानी व जोर से चिल्लाने पर रोक है। संगीत के साथ पढ़ाई में 80 से 85 प्रतिशत तक स्कोर करती हैं। ओजस्वी बताती हैं कि उनकी मां हमेशा लगन और मेहनत करने के लिए बोलती हैं, जिससे मैं गीत के क्षेत्र में नाम काम सकूं। कलाकारों की हर परफॉर्मेंस को लाइव देखती और उनसे मिलती, बातें करती हूं। इससे कुछ नया सीख लेती हूं और अपने अगले परफॉर्मेंस को बेहतर करती हूं।

## छात्रों को दिया रोजगार के अवसरों पर मार्गदर्शन

रायपुर। दिशा कॉलेज एवं सेंट विंसेंट पल्लोटी कॉलेज के संयुक्त तत्वावधान में ट्रेनिंग एंड डेवलपमेंट प्लेसमेंट असिस्टेंस वर्कशॉप का आयोजन किया गया। तीन दिवसीय राष्ट्रीय कार्यशाला के दूसरे दिन मुख्य वक्ता के रूप में एचए एनआईटी के प्रोफेसर डॉ. समीर वाजपेई, प्रोफेसर इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट से डॉ. जगदीश भार्गव और दुर्गा कॉलेज के पूर्व प्राध्यापक अनिल कालेले शामिल हुए। मुख्य वक्ता डॉ. वाजपेई ने कैरियर गाइडेंस एंड जॉब अपार्च्युनिटी सत्र में 30-40 मिनट विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा, छात्रों को उभरते कॅरियर के साथ शैक्षणिक योग्यताओं को लेकर जागरूक होना चाहिए। यह व्यक्ति की कौशल कला को बढ़ाने का प्रयास करता है।

### छात्रों से कॅरियर विकल्पों पर चर्चा

दूसरे सत्र में प्रोफेसर अनिल कालेले ने कम्युनिकेशन स्किल विषय पर जानकारी देते हुए कहा, आधुनिकता के दौर में बेहतर संचार कला, टीमवर्क और नवाचार तीनों का मेल जरूरी है। नवीन तकनीकों की मदद से व्यक्ति कम समय में कम्युनिकेशन स्किल को बेहतर बना सकता है। इसके लिए आप खुद को मौका दें। कार्यशाला सत्र के दौरान वक्ताओं ने विद्यार्थियों से बेहतर कॅरियर ऑप्शन आइडियाज पर चर्चा भी की। वहीं कई छात्रों ने अपनी योग्यतानुसार कॅरियर ऑप्शन की जानकारी भी ली। आज शनिवार को कार्यशाला के अंतिम दिन मुख्य व्यख्याता की उपस्थिति कॉलेज परिसर में बनी रहेगी।

## सिटी इवेंट

## ज्ञानयज्ञ में शामिल हुए संत-महंत श्रद्धालुओं ने निकाली शोभायात्रा





रायपुर। शहर में श्री प्रेमप्रकाश आश्रम शैलेंद्र नगर के 29वें वार्षिक उत्सव और संगीतमय ज्ञानयज्ञ में शामिल होने के लिए संत-महंत भी पहुंचे। जयपुर से सद्गुरु स्वामी भगत प्रकाश महाराज संत मंडल के साथ शुक्रवार को सुबह 10 बजे पहुंचे। दरबार के सेवादारी सुभाष बजाज और बलराम आहूजा ने बताया कि प्रेमप्रकाश आश्रम के गद्दीनशीन साईं भगत प्रकाश व संत मंडल का स्वागत किया गया। दोपहर 3 बजे श्रद्धालुओं ने शोभायात्रा निकाली। शाम को गुरु महाराज ने एक भजन पर व्याख्या करते हुए बताया, जिस प्रकार गंगा नदी से एक लोटा जल दूसरे जल में मिला दिया जाए तो वह गंगाजल बन जाता है। ऐसे ही हम मनुष्य अपने परमात्मा से अलग होकर आए हैं। वास्तव में हम उस परमात्मा के ही अविनाशी अंश हैं। संसार के मोहमाया में भटकते हुए हम परमात्मा को भूल बैठे हैं।

### संसार में जीवन-मरण से मुक्ति पाना ही मोक्ष

हमें अमृतवेला में उठकर उस परमात्मा का ध्यान करना चाहिए, जिससे परमात्मा हमारे मोह और ममत्व के बंधन काटते हुए हमें पूर्ण रूप से शुद्ध करके चरणों में समाहित करें। परमात्मा से साक्षात्कार के लिए आत्मा का शुद्ध होना बेहद जरूरी है। बिना शुद्धिकरण हमें परमात्मा प्राप्त नहीं हो सकते। मनुष्य का जीवन-मरण से मुक्ति पाना ही मोक्ष पाना है। इस बीच आचार्य सतगुरु स्वामी सर्वानंद महाराज को याद करते हुए बताया कि जिस प्रकार स्वामी सर्वानंद महाराज ने प्रेमप्रकाश आश्रम की स्थापना करने वाले आचार्य सतगुरु स्वामी टेऊंराम महाराज के कहने पर चलते हुए परमपद को प्राप्त किया।

शास्त्रीय नृत्य में ठुमरी, तत्कार, तोड़े, लयकारी, तराना और संगत की मनमोहक प्रस्तुति

# लोकनृत्य से गुलजार रहा मंच, विवाह गीत ने बांधा समां

**कार्नर न्यूज**

रायपुर। ऑल इंडिया डांसर्स एसोसिएशन द्वारा आयोजित "नृत्यनंदलहरी उत्सव-2025" के 9वें दिन मंच पर शास्त्रीय नृत्य की दिव्य छटा देखने को मिली। देशभर से आमंत्रित कलाकारों ने देवी-देवताओं की लीलाओं और स्वरूप का जीवंत मंचन किया। मंच पर कथक के लखनऊ, जयपुर, बनारस और रायगढ़ घरानों की विशेष ताल की प्रस्तुति देखने को मिली, जहां ठुमरी, तत्कार, तोड़े, लयकारी, तराना और संगत में मनमोहक प्रस्तुति दी गई। भरतनाट्यम, कुचिपुड़ी, कथक, मोहनीपुर, लावणी, छत्तीसगढ़ी, संबलपुरी और ओडिसी लोकनृत्य का मंचन गुरुवार को किया गया। ऐसे में दो सौ से अधिक प्रतिभागियों ने देर रात तक प्रस्तुति दी। शुक्रवार को रंग मंदिर में छत्तीसगढ़ी लोक विवाह गीत पर सामूहिक प्रस्तुति मुख्य आकर्षण का केंद्र बनी रही, जहां सीनियर केटेगरी के 9 प्रतिभागियों ने मनमोहक लोकनृत्य की प्रस्तुति दी। इस दौरान मंच पर मर्रा के साथ नृत्य साझा किया गया, जो अन्य राज्यों के शामिल हुए दर्शकों के लिए आकर्षण का केंद्र रहा।




### मंच पर श्रीकृष्ण के परालौकिक मिलन की कथा

*12 वर्षीय सान्वी उपाध्याय ने श्रृंगार रस में श्रीकृष्ण की लीला और मीरा की भक्ति का ऐसा भावपूर्ण चित्रण किया कि पूरा सभागार भावविभोर हो उठा। मंचीय प्रस्तुति के दौरान मीरा और श्रीकृष्ण के परालौकिक मिलन की कथा को सान्वी ने कथक नृत्य-शैली के माध्यम से प्रस्तुत किया। लगभग 5 मिनट की प्रस्तुति में मीरा की श्रीकृष्ण भक्ति का जीवंत चित्रण तैयार किया। वहीं काश्वी ने कथक में बिरजू महाराज की ताल पर राधारानी के स्वरूप का मंचन किया, इस दौरान गोपियों और राधारानी के प्रति प्रेमभाव को भी दर्शाया गया। साथ ही राधारानी के कोमल हृदय और सुंदर छवि का मंचन किया गया।*

### मां गंगा के प्रचंड वेग की प्रस्तुति

*जब मां गंगा पृथ्वी पर अवतरित हुईं तो अपने प्रचंड वेग के कारण धरती को नष्ट करने लगीं। तब भगवान शिव ने उन्हें अपनी जटाओं में धारण कर उनके वेग को शांत किया। नृत्यनंदलहरी उत्सव के दौरान 13 वर्षीय आंचल ने पौराणिक कथा को कथक नृत्य के माध्यम से पिरोने का प्रयास किया। लगभग 5-6 मिनट की प्रस्तुति में लगातार हाथों की मुद्राएं मुख्य आकर्षण रहीं। वही मां गंगा के प्रचंड वेग को भी आंखों से अभिनय कर दर्शाया गया।*

### वीडियो कॉल से की तैयारी, जयपुर घराने के चतुरंग की मनमोहक प्रस्तुति

*कांकेर जिले से काजल मरकाम, आयुषी मिश्रा, कोशिशा राजपूत और किरण मरकाम ने मंच पर शास्त्रीय नृत्य की सामूहिक प्रस्तुति दी। कथक नृत्य में जयपुर घराने के चतुरंग की अद्भुत प्रस्तुति ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध किया। मंच पर चारों नृत्यांगनाओं ने तोड़े, लयकारी, तराना, सरगम और गत निकास को सुंदर लयबद्धता और तालमेल के साथ प्रस्तुत किया कि पूरी प्रस्तुति में जैसे ताल, भाव और सौंदर्य के संगम से मंच को सजाया। हरिभूमि से चर्चा में नृत्यांगनाओं ने बताया कि सभी अलग-अलग संस्थानों में कार्यरत है, जिससे सामूहिक अभ्यास करना संभव नहीं हो पा रहा था। इसके बावजूद कलाकारों ने प्रतियोगिता की तैयारी वीडियो कॉल और रिकॉर्डिंग के माध्यम से की। कक्षा 6वीं से कथक की शुरुआत की थी और 12वीं तक कथक में डिप्लोमा पूरा किया। वर्तमान में सभी अपने-अपने क्षेत्र में सक्रिय हैं, लेकिन नृत्य के प्रति उनकी निष्ठा और समर्पण भाव ने नृत्य के साथ जोड़ा रखा है।*



# Diwali Festive Dhamaka

## दीपावली त्योहार का रंग अब पूरी तरह चढ़ने लगा है

कल बाजार में खरीदारों की भारी भीड़ रही। कई जगहों में तो बाजार क्षेत्र में सड़कों पर जाम की स्थिति बन गई। दीपावली के पूर्व घरों की साफ-सफाई व रंग-रोगन को लेकर चूना, डिस्टेंपर, वाइट सीमेंट व पेंट की जमकर बिकवाली रही। अधिकांश दुकानों में खरीदार उक्त समानों को खरीदने टूट पड़े। वहीं कपड़ा दुकानों में भी अच्छी चहल-पहल रही। रेडीमेड स्टोर्स में युवाओं की ज्यादा भीड़ रही। नए-नए वैराइटी के जींस पैंट, शर्ट और टी-शर्ट की मांग ज्यादा रही। त्योहारी सीजन में अच्छी ग्राहकी से दुकानदारों के चेहरे खिले रहे।

खासकर कपड़ा, रेडीमेड, रंग-रोगन दुकान, साज-सज्जा डेकोरेशन, इलेक्ट्रॉनिक, इलेक्ट्रिक झालर के अलावा इंटरप्राइजेस की दुकानों में ग्राहकों की अच्छी भीड़ रही। वहीं दुपहिया व चारपहिया वाहनों के सेंटर में ग्राहकों की चहल-पहल पहले की तुलना में ठीक रही। ज्यादातर ग्राहक भी महंगाई के चलते अब बैटरी वाले दुपहिया वाहन खरीदने का मूड बनाकर बैटरी चलित गाड़ी लेने बड़ी संख्या में अलग-अलग दुकानों पर पहुंचे।इस बार बाजार में केवल खरीदारी ही नहीं, बल्कि त्योहारी उत्सव का माहौल भी पूरे शबाब पर दिखा। रोशनी से जगमगाते बाजारों में सजावट की झिलमिलाहट ने ग्राहकों का मन मोह लिया। दुकानदारों ने आकर्षक ऑफर और स्कीमें भी दीं, जिससे ग्राहकी और बढ़ी। मिठाई की दुकानों में भी लोगों की लंबी कतारें लगी रहीं। बच्चे जहां रंग-बिरंगी झालरों और पटाखों को देखकर उत्साहित थे, वहीं महिलाएं घर सजाने के लिए दीये, तोरण और डेकोरेटिव आइटम्स की खरीदारी में जुटी रहीं।

बाजारों में चारों ओर उत्सव और उमंग का माहौल रहा। कुल मिलाकर नगर में दीपावली के मुख्य त्योहार से पहले बाजारों में रौनक लौट आई है और लोगों में त्योहारी खरीदारी को लेकर गजब का जोश और उत्साह देखने को मिल रहा है।
















# तकनीकी व प्रोफेशनल पाठ्यक्रम के विद्यार्थियों को अब ऑनलाइन मिलेगी छात्रवृत्ति

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

आर्थिक रूप से कमजोर छात्रों के खातों में अब छात्रवृत्ति की राशि ऑनलाइन स्थानांतरित की जाएगी। तकनीकी व प्रोफेशनल पाठ्यक्रम के विद्यार्थियों के लिए यह नई सुविधा प्रारंभ की गई है।

■ आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के विद्यार्थियों के लिए नई सुविधा

राज्य के सभी शैक्षणिक संस्थानों, आश्रम-छात्रावासों और तकनीकी एवं प्रोफेशनल पाठ्यक्रम में पढ़ाई करने वाले अनुसूचित जाति, जनजाति, पिछड़ा वर्ग, अल्पसंख्यक और

### एकमुश्त राशि से होती थी दिक्कतें

प्रमुख सचिव सोनमणि बोरा ने बताया, प्री.मैट्रिक, पोस्ट मैट्रिक छात्रवृति तथा शिष्यवृत्ति भुगतान के लिए नई व्यवस्था के अंतर्गत माह जून, सितंबर, अक्टूबर एवं दिसंबर में विद्यार्थियों को ऑनलाइन भुगतान किया जाएगा। इस पहल से छात्रों को शैक्षणिक अध्ययन के दौरान होने वाली आर्थिक समस्या से निजात मिलेगी। पहले विद्यार्थियों को वर्ष एक बार छात्रवृति एवं शिष्यवृति की राशि प्रदान की जाती थी। इससे छात्रों को पूरे सत्र स्कॉलरशिप का इंतजार करना पड़ता था। विभाग के मुताबिक, छात्रों को किश्तों में राशि मिलने से वे समय-समय पर अपनी अध्ययन संबंधित जरूरतों को पूरा कर पाएंगे।



आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के विद्यार्थियों को शिष्यवृत्ति एवं छात्रवृत्ति का भुगतान अब उनके बैंक खाते में ऑनलाइन किया जा रहा है। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने शुक्रवार को महानदी भवन में आयोजित कार्यक्रम में इन वर्ग के 1.98 लाख विद्यार्थियों के बैंक खातों में 84.66 करोड़ रूपए की शिष्यवृत्ति एवं छात्रवृत्ति ऑनलाइन अंतरित की। आश्रम-छात्रावासों के 1 लाख 86 हजार 50 विद्यार्थियों को शिष्यवृति की द्वितीय किश्त की राशि 79 करोड़ 27 लाख रूपए एवं पो. मैट्रिक छात्रवृत्ति के 12 हजार 142 विद्यार्थियों को 5 करोड़ 38 लाख 81 हजार रूपए विद्यार्थियों के बैंक खातों में डाले गए।

## खबर संक्षेप

### सहयोग केंद्र में बघेल ने किया आवेदनों का निराकरण



**रायपुर।** भाजपा प्रदेश कार्यालय कुशाभाऊ ठाकरे परिसर में शुक्रवार को प्रदेश के खाद्यमंत्री दयालदास बघेल ने सहयोग केंद्र में भाजपा कार्यकर्ताओं एवं आम जन की समस्याओं और आवेदनों का निराकरण किया। सहयोग केंद्र में शुक्रवार को 40 आवेदन आए थे। इस दौरान सहयोग केंद्र प्रभारी वरिष्ठ नेता सच्चिदानंद उपासने तथा आईटी सेल संयोजक सुनील पिल्लई मौजूद रहे।

### धान खरीदी 15 नवंबर से करना किसानों से अन्याय : बैज

**रायपुर।** प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा, धान खरीदी 1 नवंबर से शुरू की जानी चाहिए। 1 नवंबर तक किसानों का धान खेतों से खलिहान में आकर बेचने के लिये तैयार हो जाता है। 15 नवंबर से खरीदी होने पर किसानों को इंतजार करना पड़ेगा।

### अगले सप्ताह भाजपा के सहयोग केंद्र में डिप्टी सीएम भी बैठेंगे

**रायपुर ।** सालभर बाद प्रारंभ किए गए भाजपा के सहयोग केंद्र में इस सप्ताह पांच मंत्री सोमवार से शुक्रवार तक बैठे। अब शनिवार और रविवार को कोई मंत्री सहयोग केंद्र में नहीं बैठेगा। इसके बाद सोमवार से शुक्रवार को फिर से सहयोग केंद्र में मंत्री बैठेंगे। इस सप्ताह दोनों डिप्टी सीएम भी रहेंगे।

## कांग्रेस नेता की शिकायत पर आईजी सहित तीन पुलिस अफसरों को नोटिस

**रायपुर।** कोल घोटाला में आरोपी बनाए गए निखिल चंद्राकर के धारा 164 के तहत जज के सामने दर्ज कराए गए बयान को फर्जी बताते हुए कांग्रेस नेता गिरीश देवांगन ने कोर्ट में परिवाद दायर किया है। गिरीश देवांगन के परिवाद पर कोर्ट ने ईओडब्लू, एसीबी के डायरेक्टर अमरेश मिश्रा, डीएसपी राहुल शर्मा तथा एएसपी चंद्रेश ठाकुर को नोटिस जारी किया है। कोर्ट ने तीनों पुलिस अफसरों को 25 अक्टूबर जवाब पेश करने कहा है। परिवाद पक्ष के वकील फैजल रिजवी, मनोज वर्मा, एनके ठाकुर के अनुसार 16 तथा 17 जुलाई को पुलिस अफसरों ने निखिल चंद्राकर का धारा 164 के तहत कोर्ट में बयान पेश किया।

बयान 24 पेज का था। परिवादी पक्ष के वकीलों ने आरोप लगाया है कि तीनों पुलिस अफसरों ने निखिल चंद्राकर का कलमबंद बयान जज के सामने नहीं लिया है। उनके द्वारा निखिल चंद्राकर का फर्जी तरीके से बयान तैयार कर उससे जबरन हस्ताक्षर कराकर न्यायालय में पेश किया गया। इस तरह पुलिस अफसरों ने अभियुक्त के खिलाफ झूठे साक्ष्य तैयार कर कोर्ट के सामने पेश कर आपराधिक षड़यंत्र किया। परिवादी पक्ष के वकीलों के अनुसार धारा 164 के तहत कलमबंद बयान जज की उपस्थिति में होता है।

## कलेक्टर दर-महंगाई भत्ता बढ़ाने की मांग, कर्मचारियों का प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

कलेक्टर दर में वृद्धि तथा शून्य किया गया महंगाई भत्ता बढ़ाए जाने की मांग को लेकर नगरीय निकायों में कार्यरत प्लेसमेंट कर्मचारियों ने शुक्रवार को काम बंद कर प्रदर्शन करते हुए कलेक्टर गौरव सिंह और महापौर मीनल चौबे को ज्ञापन सौंपा है। छत्तीसगढ़ नगरीय निकाय प्लेसमेंट कर्मचारी महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष खेमूलाल निषाद ने कहा कि महंगाई भत्ता को शून्य किया जाना श्रमिकों के साथ अन्याय है। यह एक प्रकार से श्रमिकों का शोषण है।

### दूसरे राज्यों की तुलना में कम वेतन

पदाधिकारियों ने आरोप लगाया है कि छत्तीसगढ़ से लगे राज्यों में जैसे मध्यप्रदेश, उत्तर प्रदेश, ओडिसा, महाराष्ट्र, झारखंड, तेलंगाना एवं बिहार में मजदूरी की न्यूनतम दरें 18000 से 22000 रुपए तक दिया जा रहा है, लेकिन छत्तीसगढ़ आर्थिक रूप से समृध्द होने के बाद भी न्यूनतम मजदूरी 11176 से 13386 रुपए दी जा रही है।

### 8 वर्ष के बाद भी पुनरीक्षित वेतनमान लागू नहीं

*महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष खेमूलाल निषाद ने बताया कि श्रमिक न्यूनतम वेतन अधिनियम 1948 धारा 3 (ख) के तहत मजदूरी की न्यूनतम दरों का पुनर्विलोकन हर पांचच वर्ष के अंतराल में किया जाना है, लेकिन वर्ष 2017 में वेतन पुनरीक्षित किये जाने के बाद आज तक पुनरिक्षित वेतनमान लागू नहीं किया है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में पहली बार हुआ है कि प्रत्येक छह माह में मिलने वाले परिवर्तनशील महंगाई भत्ता को ही शून्य कर दिया है।*



### केंद्र-राज्य के कर्मचारियों का लगातार बढ़ रहा वेतन-महंगाई भत्ता

महासंघ के पदाधिकारियों ने कहा कि केंद्र एवं राज्य शासकीय कर्मचारियों का लगातार वेतन एवं महंगाई भत्ता बढ़ा रहा हैं, वहीं श्रमिकों के साथ अन्याय कर रही महंगाई भत्ता शून्य कर दिया है। इससे प्रदेश में करीब 20 हजार कर्मचारियों में आक्रोश है। उन्होंने कहा कि अगर उनकी मांग मानी नहीं जाएगी तो एक नवंबर से प्रदेश स्तरीय हड़ताल करेंगे, जिससे अतिआवश्यक सेवाएं जैसे सफाई, पेयजल, बिजली बाधित होगी।

## बिजनेस साइट

### अपना मार्ट में दिवाली ऑफर की धूम, ग्राहकों के लिए ढेरों फायदे



**रायपुर।** अपना मार्ट ने होलसेल हफ्ता की सफलता के बाद अब दिवाली पर खास ऑफर लॉन्च किए हैं। 12 से 21 अक्टूबर तक चलने वाली इस दिवाली सेल में ग्राहकों को कई आकर्षक छूट और उपहार दिए जा रहे हैं। 299 रुपए की खरीदी पर फ्री लक्ष्मी पन्ना मिलेगा, वहीं 1000 रुपए की खरीद परी 50 रुपए और 1500 रुपए की खरीदी पर 100 रुपए की छूट के साथ 19 रुपए में झाड़ू दी जाएगी। 2000 रुपए की शॉपिंग पर 100 रुपए की छूट और अगले 1000 की खरीदी पर फिर 100 की छूट दी जाएगी। इतना ही नहीं, अक्टूबर में कुल 4000 की खरीदारी पर ग्राहक सिर्फ 1 रुपए में चांदी का सिक्का या मिल्क सॉसपैन पा सकते हैं। अपना मार्ट के प्रवक्ता मनीष अग्रवाल ने कहा कि यह ऑफर ग्राहकों के विश्वास और समर्थन के प्रति धन्यवाद स्वरूप है। दिवाली का यह तोहफा अपना मार्ट को ग्राहकों से और जोड़ने का एक प्रयास है।

### राडा की वार्षिक आमसभा 2025-26 सफलतापूर्वक हुई



**रायपुर।** रायपुर ऑटोमोबाइल डीलर्स एसोसिएशन (राडा) की वार्षिक आमसभा 2025-26 का आयोजन होटल ओमाया स्क्वायर में किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि कैट के नेशनल वाइस चेयरमैन अमर पारवानी और एफएडीए के पूर्व अध्यक्ष मनीष राज सिंघानिया सहित राडा के पूर्व अध्यक्ष भी उपस्थित रहे। सभा की शुरुआत दीप प्रज्ज्वलन और अतिथियों के स्वागत से हुई। राडा अध्यक्ष रविंद्र भसीन ने कार्यक्रम का संचालन करते हुए सभी का आभार जताया। सचिव विवेक अग्रवाल ने गत वर्ष की गतिविधियों का लेखा-जोखा प्रस्तुत किया, जबकि कोषाध्यक्ष मुकेश सिंघानिया ने वित्तीय विवरण साझा किया। इस वर्ष सूरज पारवानी को बोर्ड सदस्य नामित किया गया। 'राडा बेस्ट मेंबर ऑफ द ईयर' का सम्मान अभिनव ऋषि को मिला। ऑटो एक्सपो 2025 की ऐतिहासिक सफलता पर अध्यक्ष ने सभी सदस्यों का धन्यवाद किया। अंत में आभार प्रदर्शन के साथ सभा का समापन हुआ।

## सीएम से मिले कर्मचारी-अधिकारी दोषियों पर कार्रवाई की मांग

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ संवाद कार्यालय नवा रायपुर में विभागीय अपर संचालक संजीव तिवारी के साथ हुई अभद्रता, झूमाझटकी, गाली-गलौज और कार्यालय में तोड़फोड़ की घटना के विरोध में शुक्रवार को छत्तीसगढ़ कर्मचारी-अधिकारी फेडरेशन और छत्तीसगढ़ जनसंपर्क अधिकारी संघ के संयुक्त प्रतिनिधिमंडल ने मुख्यमंत्री विष्णु देव साय से मिलकर दोषियों पर कार्रवाई की मांग की। मुख्यमंत्री श्री साय ने प्रतिनिधिमंडल को आश्वस्त किया कि दोषियों को



किसी भी सूरत में बख्शा नहीं जाएगा । मुख्यमंत्री से भेंट करने वाले प्रतिनिधिमंडल में जनसंपर्क विभाग के अपर संचालक जेएल दरियो, उमेश मिश्रा, संयुक्त संचालक पवन गुप्ता, उपसंचालक घनश्याम केशरवानी, बालमुकुंद तंबोली सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।


न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) रायपुर (छ.ग.)
// उपस्थिति हेतु सूचना //
राजस्व अपील प्रकरण क्रमांक 190/अ-6/2015-16
प्रति,
अख्तर हुसैन पिता असगर अली पता- बैरन बजार रायपुर (छ.ग.), पीयूश कुमार पिता नंदलाल पता- लक्ष्मी नगर, पिस्का मोर हेहल रांची (झारखण्ड), गायत्री ठाकुर पति छोटेलाल ठाकुर निवासी- अवधपुरी कालोनी, भाठागांव रायपुर (छ.ग.), सुनील कुमार पिता नंदलाल निवासी- लक्ष्मी नगर, पिस्का मोर हेहल रांची (झारखण्ड), अनिता केशरवानी पति बृजलाल निवासी- शिवानंद नगर, खमतराई रायपुर (छ.ग.), (अ) कीर्ति साहू पति षमेन्द्र आनंद साहू, (ब) दीप्ति साहू पति प्रभात साहू, दोनों निवासी- म.नं.134, यूनीहोम्स, पानी टंकी के पास,भाठागांव रायपुर छ.ग., (अ) प्रणव कुमार पिता परोप साहू, (ब) विनय कुमार पिता परोप साहू, दोनों निवासी- बोरियाखुर्द, रायपुर छ.ग., मो. इरफान लम्बा पिता मो. इकबाल निवासी- मोती नगर रायपुर छ.ग.
इस न्यायालय के विचाराधीन प्रकरण क्रमांक 190 / अ- 6/ वर्ष 2015-16 ग्राम- मुजगहन प.ह.नं. 80 रा.नि.मं., तहसील रायपुर जिला रायपुर स्थित खसरा नंबर 145/1, 148 रकबा 0.405, 0.328 हे. भूमि के संबंध में अपीलार्थी जाहेरा बी पति स्व. शेख ईसराइल निवासीः- म.क्र. 2/262/1, शाखमन किराना स्टोर्स कोटा, तह. व जिला रायपुर छ.ग. द्वारा अपील प्रस्तुत किया गया है जिसकी सुनवाई में आपकी उपस्थिति अनिवार्य है । अतः आप सुनवाई दिनांक 29/10/2025 को समय 03:00 बजे अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में स्वतः या अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर अपना पक्ष प्रस्तुत करें। उक्त नियत की सुनवाई तिथि में अनुपस्थित रहने पर आपके विरूद्ध प्रकरण में एक पक्षीय कार्यवाही की जावेगी ।
न्यायालय की मुद्रा से आज दिनांक 24/09/2025 को जारी किया गया ।
अनुविभागीय अधिकारी (रा.)
मुहर रायपुर (छ.ग.)

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) रायपुर (छ.ग.)
// उपस्थिति हेतु सूचना //
राजस्व अपील प्रकरण क्रमांक 189/अ-27/2015-16
प्रति,
अख्तर हुसैन पिता असगर अली पता- बैरन बजार रायपुर (छ.ग.), पीयूश कुमार पिता नंदलाल पता- लक्ष्मी नगर, पिस्का मोर हेहल रांची (झारखण्ड), गायत्री ठाकुर पति छोटेलाल ठाकुर निवासी- अवधपुरी कालोनी, भाठागांव रायपुर (छ.ग.), सुनील कुमार पिता नंदलाल निवासी- लक्ष्मी नगर, पिस्का मोर हेहल रांची (झारखण्ड), अनिता केशरवानी पति बृजलाल निवासी- शिवानंद नगर, खमतराई रायपुर (छ.ग.), (अ) कीर्ति साहू पति षमेन्द्र आनंद साहू, (ब) दीप्ति साहू पति प्रभात साहू, दोनों निवासी- म.नं.134, यूनीहोम्स, पानी टंकी के पास,भाठागांव रायपुर छ.ग., (अ) प्रणव कुमार पिता परोप साहू, (ब) विनय कुमार पिता परोप साहू, दोनों निवासी- बोरियाखुर्द, रायपुर छ.ग., मो. इरफान लम्बा पिता मो. इकबाल निवासी- मोती नगर रायपुर छ.ग.
इस न्यायालय के विचाराधीन प्रकरण क्रमांक 189/ अ-27/ वर्ष 2015-16 ग्राम- मुजगहन प.ह.नं. 80 रा.नि.मं., तहसील रायपुर जिला रायपुर स्थित खसरा नंबर 145/1, 148 रकबा 0.405, 0.328 हे. भूमि के संबंध में अपीलार्थी जाहेरा बी पति स्व. शेख ईसराइल निवासीः- म.क्र. 2/262/1, शाखमन किराना स्टोर्स कोटा, तह. व जिला रायपुर छ.ग. द्वारा अपील प्रस्तुत किया गया है जिसकी सुनवाई में आपकी उपस्थिति अनिवार्य है । अतः आप सुनवाई दिनांक 29/10/2025 को समय 03:00 बजे अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में स्वतः या अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर अपना पक्ष प्रस्तुत करें। उक्त नियत की सुनवाई तिथि में अनुपस्थित रहने पर आपके विरूद्ध प्रकरण में एक पक्षीय कार्यवाही की जावेगी ।
न्यायालय की मुद्रा से आज दिनांक 24/09/2025 को जारी किया गया ।
अनुविभागीय अधिकारी (रा.)
मुहर रायपुर (छ.ग.)

कार्यालय राजस्व निरीक्षक रायपुर-11
आम सूचना
जारी दिनांक 10.10.2025
एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्री प्रीतपाल सिंह चंडोक पिता/पति हरबंश सिंह चंडोक निवासी तेलीबांधा रायपुर छ.ग. द्वारा आवेदित ग्राम पुरैना पटवारी हल्का नंबर 67 राजस्व निरीक्षण मंडल रायपुर-11 में स्थित भूमि जिसका खसरा नंबर 386/6 रकबा 0.045 हे. का सीमांकन न्यायालय नायब/ अतिरिक्त तहसीलदार, रायपुर के आदेश दिनांक 06/10/2025 के परिपालन में दिनांक 16/10/2025 को समय 12 बजे पश्चात मेरे द्वारा किया जाना नियत है ।
अतः उक्त सीमांकन में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को कोई दावा/ आपत्ति प्रस्तुत करना हो तो वह उक्त तिथि में पटवारी हल्का नंबर 67 के पुरैना में स्थित कार्यालय में मय दस्तावेज सहित स्वयं अथवा वैध अभिभाषक के माध्यम से उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत तिथि के पश्चात मेरे द्वारा किसी प्रकार की दावा /आपत्ति पर विचार किया जाना संभव नहीं है।
राजस्व निरीक्षक
रायपुर -11

न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार 04 रायपुर
मामले की श्रेणी: राजस्व
संदर्भ:- जिला-रायपुर तहसील-रायपुर प.ह.न.- 00083 काठाडीह ग्राम के नामांतरण पंजी में पंजीबद्ध प्रकरण क्रमांक- RD202526440726800001
// ईश्तहार //
तहसील रायपुर के प.ह.न. 00083 के अंतर्गत ग्राम काठाडीह के वर्तमान भूमिस्वामी रामेश्वर पिता/पति-स्व. तुलसी राम पता काठाडीह, रिंगन साहू पिता/पति स्व. बृजलाल पता- काठाडीह लीला साहू पिता/पति-स्व. तुलसी राम पता-काठाडीह, विष्णु साहू पिता/पति-स्व. बृजलाल पता- काठाडीह मैना बाई पिता/पति-स्व. तुलसी राम पता-काठाडीह धनेश्वरी साहू पिता/पति-स्व. तुलसी राम पता- काठाडीह भगवती साहू पिता/पति-स्व. बृजलाल पता- काठाडीह संतोष साहू पिता/पति-स्व. बृजलाल पता- काठाडीह लिलेश्वर पिता/पति-स्व. तुलसी राम पता-काठाडीह तुलसा बाई साहू पिता/पति स्व. बृजलाल पता- काठाडीह के द्वारा धारित भूमि खसरा क्रमांक 74/5(0.0080), 76/2 (0.6880), 101/1 (1.0640) में प्रस्तावित भूमिस्वामी/क्रेता विष्णु साहू पिता/पति स्व. बृजलाल पता- काठाडीह, लिलेश्वर पिता/पति स्व. तुलसी राम पता- काठाडीह, मैना बाई पिता/पति स्व. तुलसी राम पता- काठाडीह धनेश्वरी साहू पिता/पति स्व. तुलसी राम पता काठाडीह, भगवती साहू पिता/पति स्व. बृजलाल पता- काठाडीह, रामेश्वर पिता/पति स्व. तुलसी राम पता काठाडीह, संतोष साहू पिता/पति-स्व. बृजलाल पता - काठाडीह रिंगन साहू पिता/पति स्व. बृजलाल पता- काठाडीह लीला साहू पिता/पति स्व. तुलसी राम पता-काठाडीह के नाम पर पंजीयन/फ़ौती होने के उपरांत नामांतरण/अभिलेख दुरुस्ती /खाता विभाजन के लिए प्रकरण अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में पंजी विचाराधीन है। इस प्रकरण की सुनवाई दिनांक 22/10/2025 को समय सुबह 11 बजे स्थान न्यायालय न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार 04 रायपुर पर की जावेगी। उपरोक्त के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/संस्था को कोई दावा आपत्ति हो तो ईश्तहार प्रकाशन उपरांत प्रकरण की आगामी सुनवाई के पूर्व या सुनवाई के समय अपना दावा आपत्ति स्वयं /अधिवक्ता/आममुख्त्यार के माध्यम से पेश कर सकते है। प्रकरण के सुनवाई के लिए निर्धारित तिथि के उपरांत प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।
यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 07/10/2025 को जारी किया जाता है।
अतिरिक्त तहसीलदार
मुहर Rakesh Dewangan, रायपुर

कार्यालय राजस्व निरीक्षक मंडल रायपुर -17 (बीरगांव) तहसील धरसींवा जिला रायपुर (छ.ग.)
आम सूचना
दिनांक 09.10.2025
एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्रीमती संतोष कौर पति निर्मल सिंग निवासी एम.आई.जी. 570, हीरापुर रायपुर (छ.ग.) द्वारा आवेदित ग्राम सरोरा प.ह.न. 89 `राजस्व निरीक्षक मंडल रायपुर 17 (बीरगांव) स्थित भूमि खसरा नंबर 131/1 रकबा 0.2990 हे. का सीमांकन न्यायालय तहसीलदार धरसींवा के ज्ञापन क्रमांक क/ वाचक/ तह./ 2024-25 आदेश दिनांक 08.10.2025 के परिपालन में दिनांक 16.10.2025 को समय 01:00 pm बजे पश्चात किया जाना नियत है। अतः उक्त सीमांकन में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को कोई दावा या आपत्ति हो, वे उक्त तिथि को पटवारी हल्का नंबर 89 सरोरा के स्थित कार्यालय में दस्तावेज सहित स्वंय अथवा अपने वैध अभिभावक के माध्यम से उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकते है बाद के किसी दावा या आपत्ति पर विचार किया जाना संभव नही होगा। अतः सूचना जाने
राजस्व निरीक्षक
रायपुर- 17 बीरगांव

आम सूचना
सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार- एजाज खान पिता अल्फाज खान, निवासी- 52/1819, अश्वनी नगर, रायपुर कान्वेंट स्कूल के पास, अश्वनी नगर, रायपुर छ.ग. ने विक्रेता कुमारी शारदा साहू, पिता श्री विश्वनाथ साहू, निवासी- शीतला मंदिर के पास, जोरा, रायपुर तहसील व जिला रायपुर छ.ग. के हक, स्वामित्व की परिवर्तित भूमि वाके मौजा-डिपरापारा, रायपुरा, प.ह.नं. 104/57 रा.नि.मं. रायपुर तहसील व जिला रायपुर छ.ग. मे स्थित है, जिसका खसरा नंबर- 114/301 रकबा 25x40=1000 वर्गफुट भूमि को क्रय करने का सौदा तय कर उक्त सौदे पेटे बयाना राशि विक्रेता को अदा कर दिया गया है एवं मात्र उक्त संपत्ति का बैनामा पंजीयन का निष्पादन किया जाना शेष है
अतएव उपरोक्त भूमि के संबंध मे जिस किसी व्यक्ति/व्यक्तियो, बैक, निगम, शासकीय या अर्द्धशासकीय संस्था, प्राधिकरण, या अन्य किसी को कोई उजर, दावा या आपत्ति हो तो इस सूचना प्रकाशन तिथि के 07 दिवस के भीतर नीचे लिखे पते पर सुसंगत दस्तावेजो के साथ लिखित मे आपत्ति पेश कर पावती प्राप्त कर लेवें अन्यथा बाद म्याद की गयी किसी भी प्रकार की उजर, दावा या आपत्ति अवैध एवं शून्य मानी जावेगी जो मेरे पक्षकार पर बंधनकारी नही होगी सो सूचना जाने
रायपुर छ.ग.
दिनांक- 10/10/2025 भवदीय
राजेश सोनकर (अधिवक्ता)
पता- मेन रोड सोनकरपारा
पुरानीबस्ती, लोहार चौक
रायपुर छ.ग., मो.नं. 9826504767



HEALTH TOWN

रामकथा
आंख एवम् कान नाक गला अस्पताल
डॉ. संतोष जायसवाल
एम.बी.बी.एस., एम.एस.
(कान, नाक, गला रोग विशेषज्ञ)
मो. 70891-60782
कान से मवाद एवं परदे में छिद्र का दूरबीन पद्धति द्वारा ऑपरेशन
बैंक ऑफ़ बड़ौदा के सामने कर्मा धाम मंदिर गली बोरिया रोड संतोषी नगर रायपुर, फोन 0771-4001080

आयुर्वेदिक कैंसर क्लिनिक
सभी तरह के कैंसर का बिना साइड इफेक्ट के आवुर्वेद एवं पंचकर्म द्वारा संपुर्ण ईलाज
Dr. Hrituraj Taank
B.A.M.S.
Nadi Parikshak By
Sri Sri Tattva
Bengaluru
पताः चरक हैल्थ क्लिनिक, दुबे कालोनी, मोवा, रायपुर (छ.ग.), 9926644448, 9630053692

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

रायपुर बाजार
Contact For Advertisement
79871 19756
90981 38778

इलेक्ट्रीक स्कूटर खरीदो - साथ में आकर्षक उपहार पाओ
लिथीयम आयरन बैटरी में 3 साल की बैटरी वारंटी मात्र 44000/- से स्टाट
एक चार्जिंग में 70 कि.मी. से 120 कि.मी. की रेन्ज वाली
भारत की सबसे सस्ती इलेक्ट्रीक स्कूटर
Haion Electric Vehicles
MRP. 6700/- Free Gift
Authorised Dealer
SHREE SHYAM MOTORS
Ringroad Raipura Chowk Sunder Nagar, Raipur (C.G.)
Mob. - 9039772000, 8962772000, 9229221744

भोई स्वीमिंग अकादमी
Bhoi SWIMMING ACADEMY
चौबे कालोनी रायपुर में जल्दी स्वीमिंग सीखने के लिए ज्वाईन करें
यहां उत्कृष्ट अनुभव प्राप्त प्रशिक्षकों द्वारा उच्च स्तरीय तैराको को विशेष रूप से स्वीमिंग का प्रशिक्षण दिया जा रहा है।
सुबह का समय - 6 से 7, 7 से 8, 8 से 9, 9 से 10 बजे तक
शाम का समय - 4 से 5, 5 से 6, 6 से 7, 7 से 8 बजे तक
विशेष - रविवार को सुबह 9 से 10 बजे
FREE DEMO CLASS
बालक/बालिका को दिया जाएगा...
मो. 9589854455

इस त्यौहार शान से चालायें, अभी घर लाएं...
160000/- में
रु 38000/- मात्र से शुरू
आरटीओ सब्सिडी उपलब्ध हैं
और दीदी ई रिक्शा योजना उपलब्ध हैं
25000/-
Vinayak E-MOTORS
Call for Booking: 9406080682, 9827190877, 9993249054
पता- सीता टावर, राधा मोहन टावर के पास, भैस्थान रोड, रायपुर (छ.ग.)

UNIQUE & RELIABLE STORE FOR PERFECT GIFTS
D ART
सजाएं अपना घर
शो-पीस • मेटल आर्ट • पेंटिंग
वॉल क्लॉक • मिरर • फ्लॉवर पॉट
अर्टिफिशियल प्लान्ट्स
एवं कई अट्रैक्टिव आइटम्स
D'Art
SUNDAYS OPEN
86, गेट नं.-1, महालक्ष्मी मार्केट, पंडरी, रायपुर. 9300015858, 7415800058

DYNAMO Electric Vehicle
0% Down Payment
3 Year Warranty
3 सर्विस फ्री
आज ही ले फ्री-टेस्ट ड्राइव
XO 501/-
में घर लेकर जाये आसान किस्तों में
कोई भी पुरानी गाड़ी लाएं और DYNAMO ले जाएं।
BAJAJ FINSERV फाइनेंस सुविधा उपलब्ध | बढ़ती कीमतों से फायदा
CHAWLA ELECTRIC
जी.ई. रोड तेलीबांधा रायपुर,
मो. 87708 96699, 99079 60900

BAXY Mobility
भारत में बैक कैमरा वाला पहला ई-रिक्शा
GST कम होने पर, दामों में कमी
■ तत्काल फायनेंस की सुविधा
■ 15/36 माह की बैटरी पर वारंटी
■ 120 किलोमीटर तक की रेंज
■ 130/135 AH की बैटरी के साथ
■ मजबूत एवं भरोसेमंद ■ लो मेंटनेंस
दीवाली धमाका
मात्र 1 लाख में ई-रिक्शा
प्रत्येक गाड़ी की खरीदी पर LED TV फ्री
ऑफर सीमित समय के लिये
SKM AUTOWHEELS MOB. 8602351000, 8305180078

पैसा चाहिए? हमारे पास आइए
(केवल बिजनेस लोन)
एजेंट आमंत्रित
न्यूनतम कागजी कार्यवाही
5 हजार से 5 लाख तक बिजनेस लोन
आज लोन लीजिए 100 किश्तों में पटाइये
मोटवानी फायनेंस
93404-44755
गली नं. 03, सिंधी कॉलोनी, तेलीबांधा, रायपुर

Interio's
World of Interiors & Modular Kitchen
Direct from factory
Offer 35% less
Call for more details
Modular Kitchen & Furnitures
Add: RamNagar, Raipur
Mo.: 9131033787, 7071873333

30 से 50% लेस
IN YOUR HOME
OLD MATTRESS EXCHANGE OFFER
संजय रुई भंडार
निराकारी फर्नीचर के पीछे, कांच घर गोडाऊन के पास, पंडरी, रायपुर
9827976266, 7987918262

HORIZON OF STARS & PLANETS
(ASTRO NUMERO TAROT)
आपकी परेशानियाँ- पैसा, प्रोपर्टी, शादी, नौकरी, स्वास्थ्य, पारिवारिक समस्या,
नकारात्मक्ता जैसी सभी परेशानियों का समाधान- कुंडली, अंक ज्योतिष एवं टैरो द्वारा किया जाएगा।
JAYTE B. TAAUNK
Dubey Colony Mowa, Raipur
7354987700, 8349299252

# SHRI KHATU SHYAM JYOTISH

## 15 वर्षों से आपकी सेवा में




## जन्मकुण्डली विशेषज्ञ

पं. रविकांत शर्मा / पं. एस. के. शास्त्री

मोहनी स्पेशलिस्ट

हर मुश्किल से मुश्किल समस्या का समाधान
"ज्योतिष मेरा काम नहीं, मेरी साधना है"
"जब कहीं ना हो काम, तो हमसे ले समाधान"

ऑफिस आने पर मात्र ₹101/- फोन से परामर्श केवल ₹251/-

व्यापार बढ़ोतरी, किया कराया,
शादी के लिए माता-पिता को मनाना

जब कही ना हों काम, तो हमसे ले समाधान



पं. एस. के. शास्त्री
जन्मकुण्डली विशेषज्ञ

## जन्म पत्रिका बनाई जाती है

- नवग्रह आदि समस्त प्रकार के ज्योतिष समाधान
- व्यापार, विवाह, नौकरी में प्रमोशन
- मकान - संतान योग
- दुकान, बच्चो के कैरियर मार्गदर्शन
- कालसर्प दोष निवारण
- प्रेम विवाह, मोहनी
- मांगलिक दोष निवारण



बुकिंग के लिए संपर्क करें : +91 7470674060

असुविधा से बचने के लिए आपॉइंटमेंट लेकर ही मिलें

नोट : मिलने के लिए अपॉइंटमेंट लेना आवश्यक है।

**पोलसाय पारा चौक के पास, स्टेशन रोड, दुर्ग (छ.ग.)**

संपर्क सूत्र :- पं. रविकांत शर्मा एवं पं. एस. के. शास्त्री : +919755964567


FESTIVE DHAMAKA OFFER
ये भरोसा है 36 सालों के अनुभव का, आपके अटूट विश्वास का
LAXMI ELECTRONICS
All Premium Product
Under One Roof
0% INTEREST DOWN PAYMENT
BAJAJ FINSERV
HDB FINANCIAL SERVICES
IDFC FIRST Bank
NO COST EMI UPTO 24 MONTH
UPTO ₹15000 + STORE CASH DISCOUNT
UPTO ₹15000 INSTANT BANK DISCOUNT
SBI card
ICICI Bank
RBL BANK
AXIS BANK
GST Invoice
Save up to 18% on business purchases.
Scratch & Win
+
Free Gift on Every Purchase
Smart TV
acer
The Future of Televisions
India's 1st Google TV with Android 14
Ultra I Series 4K UHD
32" I 40" I 43" I 50" I 55" I 65" UHD
Ultra Super Series QLED
32" I 40" I 43" I 50" I 55" I 65" UHD
Air Conditioner
BLACK+DECKER
PREMIUM HEAVY DUTY AIR CONDITIONERS
* T&C Apply
Smartphones
17 PRO MAX
iPhone
Galaxy Fold 7
SAMSUNG
OnePlus 13 S
ONEPLUS
Never Settle
Vivo V 60E
VIVO
Oppo F31 Pro
OPPO
Google Pixel 10 Pro Fold
GOOGLE
Gadgets & Accessories
Ultra Watch 3
PAD 3
MacBook Pro 2024
Galaxy Tab S11 Ultra
iPad Pro24
DYSON HAIR DRYER
CARVAAN
Marshall
AirPods Pro
Sony Play Station 5
SAMSUNG
ONEPLUS
vivo
oppo
Panasonic
MOTOROLA
SONY
PHILIPS
Nikon
SHEAFFER
DELL
harman/kardon
CROSS
GUCCI
Cartier
MONT BLANC
OnePlus Exclusive Showroom (JBK ELECTRONICS) SHOP NO. 2 SHYAM PLAZA (PANDRI), RAIPUR, Ph. 0771-4060200
LAXMI ELECTRONICS & SHOPPING MALL
Opp. Jawahar Bazar, Malviya Road, Raipur, Ph: 0771-2210000 Mo: 7000477757 | Main Road, Katora Talab, Raipur, Mo: 9826139800
Khanna